बुधवार, 8 जनवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 12 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 6:18 | सूर्यास्त: 17:08 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



मंदिरों में वीआईपी की संस्कृति बंद हो : उप राष्ट्रपति धनखड़ –पृष्ठ 7

**सुविचार :** सहयोग अपनों का और सहायता दूसरों की सदैय याद की जाती है।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ममता ने गंगासागर मेले के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए चौतरफा निगरानी का आह्वान किया

## मुख्यमंत्री ने गंगासागर में 161 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हालिया उथल– पुथल के मद्देनजर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी गंगासागर मेले के दौरान सीमा पार से किसी भी तरह की गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश को विफल करने के लिए चौतरफा निगरानी का मंगलवार को आह्वान किया। इस दिन, सागरद्वीप में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई विकासमूलक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कई पुस्तिकाओं का विमोचन किया। मेला व्यवस्था पुस्तिका, मीडिया पुस्तिका 'सागर संवाद' और दक्षिण 24 परगना की पर्यटन जानकारी वाली एक अन्य पत्रिका 'सुंदरी दक्षिणी'। जैसे ही पुस्तिकां वहां मौजूद जिले के डीएम सुमित गुप्ता के हाथों से निकलकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचीं तो सीएम ममता थोड़ा घबरा गईं। उन्होंने किताबों के आगे और पीछे की जांच की और पूछा कि यह तो अंग्रेजी में है, लेकिन बांग्ला कहां है? जवाब में, डीएम ने कहा कि बांग्ला में नहीं है। बिना पढ़े ही सीएम ने सवाल किया कि बंगाल में रहते हैं और बांग्ला में नहीं है, क्या यह ठीक है? हालांकि, इसके बाद, उन्होंने मीडिया से कहा कि उन्होंने इन किताबों को बांग्ला भाषा में भी छापने का ऑर्डर दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि गंगासागर से 161 करोड़ रुपये की परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। सागरब्लॉक में कुल 17 आंगनबाड़ियों से कई सड़कों का उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा, गोसाबा, नामखाना, पाथरप्रतिमा ब्लॉक में 12 घाटों का उद्घाटन किया गया है, चलतादुनिया, पाखीरालोई में 4 जहाजों को लॉन्च किया गया है। साथ ही कई घाट, स्वास्थ्य केंद्र, निर्माण कार्य भी किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने पहले बताया था कि मुड़ीगंगा पुल के निर्माण के लिए डीपीआर बन चुका है। उन्होंने फिर कहा कि पुल का काम पूरा होने में चार साल लगेंगे और 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ममता के मुताबिक, यह पुल 5 किमी लंबा है और चार लेन का है। इस पुल का नाम गंगासागर ब्रिज होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य गंगासागर को प्लास्टिक मुक्त मेला बनाना है। यह एक अनोखी पहल है, लेकिन इसके लिए भी केंद्र ने मदद नहीं की। ममता का दावा है कि भले ही, केंद्र सरकार ने कुंभ मेले के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए हों, लेकिन गंगासागर मेले को लेकर उन्हें कोई पहल होती नहीं दिख रही है। वहीं, आगे उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वार्षिक मेले के दौरान कोई गड़बड़ी न हो। कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। मैंने नौसेना को इसके बारे में बता दिया है। तटरक्षक को भी सूचित किया जाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उस तरफ (बांग्लादेश) से कोई गड़बड़ी न हो। जमीन, हवा और पानी, चौतरफा निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुल 10 मंत्रियों को तैनात किया जाएगा। उनमें से चार से पांच मंत्री सागर द्वीप में होंगे, जबकि अन्य कचुबेरिया और लॉट नंबर 8 जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर होंगे। आईजी (महानिरीक्षक) और डीआईजी (उप महानिरीक्षक) रैंक के अधिकारी तैनात किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस बल को सख्त निगरानी बनाए रखने के लिए अच्छा समन्वय सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल सागर द्वीप और कोलकाता की ओर की सड़कों पर तैनात किया गया है।

### ममता ने कपिल मुनि आश्रम से कटाव रोकने के लिए मंदिर के चारों ओर कंक्रीट बिछाने का आग्रह किया

इस दौरान, ममता बनर्जी ने कपिल मुनि आश्रम के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने दान के एक हिस्से का उपयोग मंदिर परिसर के चारों ओर कंक्रीट बिछाने के लिए करें, ताकि कटाव को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मंदिर के आसपास की सड़कों की मरम्मत कराई है, जो कटाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थीं। उन्होंने कहा कि कपिल मुनि आश्रम तीर्थयात्रियों से मिलने वाले दान का एक छोटा हिस्सा मंदिर परिसर के चारों ओर कंक्रीट बिछाने में इस्तेमाल कर सकता है, ताकि कटाव को रोका जा सके। हम बाकी का ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कपिल मुनि आश्रम के अधिकारियों को मिलने वाला दान अयोध्या जाता है। उन्होंने कहा कि हम जितना कर सकते हैं, करते हैं। हम आपसे पैसे नहीं लेते। हमने गाद निकालने, नौका बनाने, अस्पताल बनाने और परिवहन की व्यवस्था करने पर बहुत खर्च किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कटाव पर नियंत्रण रखने के लिए राज्य प्रशासन ने पहले ही सुंदरबन और दीघा में 15 करोड़ से अधिक मैंग्रोव पौधे लगाए हैं।

# तिब्बत में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 126 लोगों की मौत, नेपाल में भी झटके महसूस किए गए



**बीजिंग :** तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक के निकट मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई और 188 अन्य घायल हो गए। पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके कारण इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.8 थी, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सेवा (यूएसजीएस) ने इसकी तीव्रता 7.1 बताई। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, भूकंप मंगलवार सुबह (बीजिंग समयनुसार) 9:05 बजे चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाज़े में डिंगरी काउंटी में आया। इसका केंद्र शिगाज़े शहर के डिंगरी काउंटी के सोगो कस्बे में था। शिगाजे पूर्वोत्तर नेपाल में खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से से 90 किमी. उत्तर-पूर्व में स्थित है, तथा यह तिब्बत का अंतिम सीमावर्ती शहर है, जो नेपाल-तिब्बत-भारत ट्राई-जंक्शन से अधिक दूर नहीं है। यह इलाका सिक्किम से मिलता है। शिगाजे को शिगास्ते के नाम से भी जाना जाता है जो भारत की सीमा के करीब है। शिगास्ते को तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है। यह पंचेन लामा की पारंपरिक पीठ है, जो तिब्बती बौद्ध धर्म के एक प्रमुख व्यक्ति हैं। तिब्बत में पंचेन लामा, आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के बाद दूसरे नंबर की हैसियत रखते हैं। सीईएनसी ने कहा कि भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के झटके नेपाल में भी महसूस किए गए जहां इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, वहां कोई जनहानि नहीं हुई।

## राष्ट्रीय स्मृति परिसर में प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनेगा, शर्मिष्ठा ने प्रधानमंत्री का जताया आभार



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति क्षेत्र परिसर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का एक स्मारक स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुखर्जी का 31 अगस्त 2020 को निधन हो गया था। पूर्व राष्ट्रपति की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके (शर्मिष्ठा के) पिता को सम्मानित करने के लिए शुक्रिया अदा किया। सरकार ने शर्मिष्ठा मुखर्जी को इस निर्णय की जानकारी देते हुए एक पत्र में कहा, "सक्षम प्राधिकारी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय स्मृति परिसर (राजघाट क्षेत्र का एक हिस्सा) में एक निर्दिष्ट स्थल को चिह्नित करने को मंजूरी दे दी है।" पत्र प्राप्त करने के बाद, शर्मिष्ठा ने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने के वास्ते उनसे मुलाकात का समय मांगा।

## अर्जुन सिंह को पुलिस ने किया तलब, पूर्व सांसद आज पेश होकर जांच में सहयोग करने को हुए राजी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने एक पुराने मामले में बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को तलब किया है। नोटिस में उन्हें बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट के कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। अर्जुन सिंह भी जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। मंगलवार को नोटिस मिलने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह बुधवार को कमिश्नरेट के जांचकर्ताओं का सामना करेंगे। हालांकि, अर्जुन सिंह ने पूरे मामले को राजनीतिक साजिश बताया। एक अन्य मामले में उनके बेटे और भाटपाड़ा के विधायक पवन सिंह को भी नोटिस भेजा गया है। उन्हें भी बुधवार को पेश होना है। राज्य पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जब अर्जुन सिंह भाटपाड़ा नगरपालिका के चेयरमैन थे, तब अवैध निर्माण को लेकर उनके खिलाफ शिकायत की गई थी। उसी मामले में अर्जुन को बुधवार को बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के खुफिया विभाग के सामने पेश होने का आदेश दिया गया है।

# दिल्ली में बजा चुनावी बिगुल, पांच फरवरी को मतदान और आठ को होगी मतगणना

**नयी दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चुनावी बिगुल बज गया। यहां की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं, जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की, जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उन्होंने कहा, "यह एक चरण का चुनाव है... हमने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है, ताकि अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर आएं ... जैसा कि हमने महाराष्ट्र में किया।" उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर और तमिलनाडु में इरोड विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव इसी दिन होंगे। मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने और इरोड से विधायक ईवीकेएस एलंगोवन के निधन के कारण इन सीटों पर उपचुनाव की जरूरत पैदा हुई है। हम 99 करोड़ मतदाताओं को पार कर रहे हैं... हम बहुत जल्द एक अरब मतदाताओं का देश बनने जा रहे हैं, जो मतदान में एक और रिकॉर्ड होगा।

### अदालतों ने 42 बार फैसला सुनाया कि ईवीएम हैक नहीं किए जा सकते, आरोप पूरी तरह निराधार: राजीव कुमार




मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के विपक्षी दलों के दावों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि अदालतों ने 42 बार फैसला सुनाया है कि चुनावी मशीनें हैक नहीं की जा सकतीं और छेड़छाड़ के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने जनता को 'झूठ के गुब्बारे' फैलाने वालों से बचने की सलाह दी।

### जल्द ही 100 करोड़ मतदाताओं वाला देश बन जाएगा भारत: मुख्य निर्वाचन आयुक्त



Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.
INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com
**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014
Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars Toll Free No. 1800 889 1704

रामपुरहाट के जंगल में एक घर से विस्फोटकों का जखीरा बरामद

## करीब 20 हजार डेटोनेटर और 15 हजार जिलेटिन की छड़ें जब्त



**बीरभूम :** बीरभूम जिले के रामपुरहाट थाना अंतर्गत हस्ती कड़ा जंगल में एक घर से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया है। विस्फोटकों में करीब 20 हजार डेटोनेटर और 15 हजार जिलेटिन की छड़ें मिली हैं। पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह जिला प्रवर्तन विभाग की टीम रामपुरहाट के हस्ती कड़ा जंगल में बड़ी संख्या में पुलिस दाखिल हुई, जहां जंगल के अंदर एक छोटा सा घर दिखा। कमरे में घुसते ही अधिकारियों ने विस्फोटकों का जखीरा देखा। सभी विस्फोटकों को पेटी में रखा गया था। जैसे ही उन पेटियों को खोला गया, जांचकर्ताओं को पेटी से भारी मात्रा में डेटोनेटर और जिलेटिन की छड़ें निकलीं। कुल 22 रोल जिलेटिन की छड़ें और 6 पेटियों में डेटोनेटर बरामद हुए। बता दें कि रामपुरहाट में कई पत्थर की खदानें हैं। कई जगहों पर अवैध ब्लास्टिंग कर पत्थर काटने का काम किया जाता है। आशंका जतायी जा रही है कि शायद इनके इस्तेमाल के लिए यहां विस्फोटक रखे गए हों।

ॐ श्री सद्गुरुदेवाय नमः

**यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति**

Regd. of Societies of W.B. Act. XXVI of 1961, No. S0010404 of 2019-2020

मान्यवर,

अखिल ब्रह्माण्ड नायक श्री सद्गुरुदेव की असीम अनुकम्पा से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति द्वारा आयोजित गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर, आउटराम घाट (बाबूघाट) मोहनबागान क्लब के पीछे, कोलकाता में सम्पन्न होगा।

अतएव सभी महानुभावों से विनम्र निवेदन है कि आप सभी शिविर में पधार कर पुण्य के भागी बनें।

शुभारम्भ
बुधवार, 8 जनवरी 2025
दोपहर 3 बजे

समापन
बुधवार, 15 जनवरी 2025
सायं 4 बजे

उद्घाटनकर्ता
आचार्य राकेश पाण्डेय
वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य

गौरीशंकर पाण्डेय – चेयरमैन
गंगासागर तिवारी – शिविर प्रबंधक
विजय कुमार मिश्र, वेदप्रकाश पाठक – संयोजक
निखिलेश मिश्र – सचिव
विकास सारस्वत (सी.ए.) – कोषाध्यक्ष
विनय कुमार तिवारी – अध्यक्ष

निवेदक :
यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति
M. : 9831993923 / 9883098901 / 8334966121 / 6394358253

।। परहित सरिस धर्म नहि भाई।।

अखिल भारतीय
**आजमगढ़ सेवा संघ**

सेवा, संस्कार एवं संगठन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था

सेवा समर्पित 39 वर्ष

**गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर**

कैम्प नं. 39, आउट्रामघाट (मोहन बगान ग्राउण्ड के पीछे), कोलकाता

39 वर्ष से लगातार सेवाभावी संस्था के रूप में कार्य करते हुए आजमगढ़ सेवा संघ इस वर्ष भी शिविर में सेवा कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः आप महानुभावों से निवेदन है कि उक्त अवसर पर पधारकर सेवा का अवसर प्रदान करें।

**उद्घाटन समारोह**

8 जनवरी, 2025 बुधवार सायं 5 बजे

उद्घाटनकर्ता : श्री अभयनारायण सिंह (प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी)
चेयरमैन : श्री ब्राह्मदेव जायसवाल (प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी)
समारोह अध्यक्ष : श्री धीरेन्द्र सिंह राजपूत (प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी)

स्वयं दान करें एवम् दूसरों को दान के लिए प्रेरित करें

अध्यक्ष : रामानुज सिंह, प्रधान सचिव : वेद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष : वैद्यनाथ तिवारी
शिविर प्रबंधक : प्रेम नारायण सिंह, लालता सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह
मंच संचालक : अजीत दूबे

## सावधानी-जागरूकता से करें मुकाबला

पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चीन में नया वायरस फैलने की आधी-अधूरी खबरें मिल रही थीं ,सोमवार तक उसी तरह के तीन मामले भारत में भी देखे गए। दो मामले बेंगलूरु में और एक मामला गुजरात में। छोटे बच्चों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी बता रही है कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह वायरस दुनिया के कई देशों में पहले से ही मौजूद रहा है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि चीन में फैल रहा वायरस कितना घातक है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त 'क्या करें और क्या न करें' के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति-नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। फिर भी बताते हैं कोरोना का स्रोत माने जा रहे चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है। चीन सरकार ने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में उत्तरी प्रांतों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के इस वायरस से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के बाद यह कदम उठाया था। हालांकि, एचएमपीवी के स्रोत के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है।

दरअसल, यह संक्रामक बीमारी दुनिया के विभिन्न देशों में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। जिसमें खांसी व छींक से निकलने वाले थूक के कणों से यह वायरस फैलता है। ऐसे में संक्रमण से बचने के लिये हाथ मिलाने, दूसरों को छूने व गले मिलने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। यदि हम सावधानी न बरतें तो वायरस हमें संक्रमित कर सकता है। कोरोना वायरस से बचाव की ही तरह खांसने -छींकने पर कपड़ा या रूमाल रखने की सलाह दी जाती है। निरंतर कपड़े को बदलने तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की भी सलाह दी जाती है। जुकाम लगने पर मास्क पहनने तथा घर पर आराम करने की भी सलाह दी जाती है। साथ ही गुनगुना पानी पीने तथा पौष्टिक आहार की सलाह भी दी जाती है। निश्चित रूप से दमा व सांस की अन्य बीमारियों व दूसरे गंभीर रोगों से पीड़ितों के लिये यह वायरस कुछ परेशानी बढ़ा सकता है। लेकिन इसमें अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति कम ही आएगी। चिकित्सक के परामर्श से ही खांसी- बुखार की दवा लेने की सलाह दी जाती है। बहरहाल, चिकित्सा विशेषज्ञ इस वायरस से भयभीत न होने की सलाह लगातार दे रहे हैं। उनका कहना है कि इस वायरस की खोज इस सदी के पहले ही वर्ष में हुई थी। वायरस का प्रसार चिड़ियाओं के जरिये हुआ था, जो इंसान को संक्रमित कर सकता था। इसकी दशकों से मौजूदगी के चलते लोगों में इसको लेकर एक स्तर तक रोग प्रतिरोधक क्षमता मौजूद है। यह एक सामान्य फ्लू की तरह बताया जा रहा है। हालांकि, इस वायरस के उन्मूलन के लिये कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसके विपरीत कोरोना ने इंसान को पहली बार संक्रमित किया था, कालांतर जिसने महामारी का रूप ले लिया था। वैसे दुनिया में चिंता इस वजह से है कि यह वायरस उसी चीन में फिर सामने आया, जहां से कोरोना का वायरस पूरी दुनिया में फैला था। हालांकि, सर्दियों के मौसम में आमतौर पर खांसी-जुकाम के मामले सामने आते हैं, लेकिन फिर भी सावधान रहने की जरूरत है।

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स



डॉ. आर.के. सिन्हा

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था , जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है।

देखिए , किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से ड़ॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए।

डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।

वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दर्शाते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं।

वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं।

डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरुआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (जउढ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है।

डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं।

उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरुआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस, एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा,शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्प-ताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इधर डॉ. जीवन सिंह तितियाल के अलावा प्रोफेसर प्रदीप वेंकटेश, प्रोफेसर तरुण दादा, प्रोफेसर विनोद अग्रवाल जैसे बेहतरीन नेत्र चिकित्सक हैं। इन्हें आप संसार के सबसे कुशल डॉक्टरों की श्रेणी में रख सकते हैं। इन सब डॉक्टरों की देखरेख में देश के नए डाक्टर तैयार होते हैं।

आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना -जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।

एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए। (लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

# नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे



ललित गर्ग

प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।

दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्व-पूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।

नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में कई और

**प्रवासी भारतीय दिवस- 9 जनवरी, 2025**

भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडियास्पोरा' का अभूतपूर्व योगदान रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस पर भुवनेश्वर में आयोजित सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय भाग ले रहे हैं। निश्चित ही प्रवासी भारतीयों की सामूहिक शक्ति और क्षमता राष्ट्र के समावेशी विकास को और बल प्रदान करेगी। सशक्त भारत-नया भारती एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्राप्त करने हेतु हमारी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वे अपनी ऊर्जा, अनुभव, विचारों, व्यापार कौशल, निवेश, तकनीकी विशेषज्ञता और नॉलेज शेयरिंग में योगदान देंगे। मातृभूमि की माटी की पुकार ऐसी होती है जो समय और दूरी की बाधाओं को नहीं देखती है। प्रवासी भारतीयों ने दुनिया के विभिन्न कोनों में अपने निवास के देशों में समृद्ध और उत्पादनशील जीवन का निर्माण किया है। इस सम्मेलन में असाधारण योग्यता के व्यक्तियों के भारत के विकास में उनकी भूमिका की सराहना करने के लिए प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करने की प्रोत्साहन योजना भी है। विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ, यह सम्मेलन भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच है। भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरणा का एक सशक्त माध्यम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाना चाहा है कि भारत आर्थिक सुधारों की राह पर चल रहा है और भारत में निवेश करना तथा व्यापार करना पहले से कहीं आसान हो गया है, इसलिए भारत में पूंजी लगाने में वे तनिक न हिचकें।' भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, इन सुखद स्थितियों में विदेशों में प्रवासी भारतीयों की स्थिति का मजबूत बनाना अच्छी बात है, लेकिन देश में बदलते हालातों एवं नये बनते भारत में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होना अपेक्षित है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर नियंत्रण पाने के लिए सैन्य बल के प्रयोग से इंकार नहीं: ट्रंप

**पाम बीच (अमेरिका) :** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वे पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर नियंत्रण पाने के लिए सैन्य बल के प्रयोग की संभावना से इनकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दोनों पर अमेरिकी नियंत्रण महत्वपूर्ण है। अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने से दो सप्ताह से भी कम समय पहले अपने पुत्र डोनाल्ड ट्रंप जूनियर सहित सहयोगियों और सलाहकारों के प्रतिनिधिमंडल के ग्रीनलैंड में होने के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रंप ने दोनों क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए अमेरिकी सेना के प्रयोग का विकल्प खुला छोड़ दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे सेना के इस्तेमाल की संभावना से इनकार करेंगे, तो उन्होंने कहा, 'मैं इस पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताऊंगा।' 'हो सकता है कि आपको कुछ करना पड़े। पनामा नहर हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के लिए ग्रीनलैंड की आवश्यकता है।'

### दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी को राष्ट्रपति यून को हिरासत में लेने के लिए नया वारंट मिला

**सियोल :** दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी ने कहा है कि उसे महाभियोग के जरिये अपनी शक्ति खो चुके राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने के लिए न्यायालय से नया वारंट मिल गया है। 'राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा' ने पिछले सप्ताह यून को हिरासत में लेने के एजेंसी के प्रयास पर पानी फेर दिया था। उच्च पदस्थ अधिकारियों से संबंधित भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने मंगलवार को तुरंत इस बात की पुष्टि नहीं की कि वारंट कितने समय तक वैध रहेगा। सीआईओ ने राष्ट्रपति के तीन दिसंबर के अल्पकालिक मार्शल लॉ का आदेश जारी करने जैसे बगावत के आरोपों को लेकर यून से पूछताछ की योजना बनाई है। सांसदों के यह पूछने पर कि वारंट की अवधि कब समाप्त होगी, एजेंसी के मुख्य अभियोजक ओह डोंग-वून ने उत्तर देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी संवेदनशील होती है, क्योंकि एजेंसी और पुलिस संबंधित वारंट पर अमल करने के तरीकों पर विचार कर रही है। हिरासत वारंट आमतौर पर सात दिनों की होती है लेकिन इसे 10 दिनों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 दिसम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, पौष शुक्लपक्ष नवमी, 14:25 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 16:28 तक, योग : सिद्ध, 20:15 तक, सूर्योदय: 6:18, सूर्यास्त: 17:08 चन्द्रोदय : 12:04, चन्द्रास्त: 00:28, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 11:43 से 13:03

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ये बदलाव आपके सहकर्मियों के लिए थोड़ी परेशानी का कारण बन सकते हैं।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन परिवार के साथ खुशियों से भरा रहेगा। दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए आज कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। इसमें आपके पिता का आशीर्वाद और उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए अचानक धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापारिक योजन-ाओं में गति आएगी। आपका मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आप संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। प्रतिस्पर्धा में आप आगे बढ़ेंगे। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को मेहनत का फल मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। विपरीत परिस्थितियों में गुस्से पर काबू रखें।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बनेंगे। आपकी वाकपटुता आपको सम्मान दिलाएगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अपनों से मुलाकात होगी।

**धनु :** धनु राशि वालों को घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है।

**मकर :** मकर राशि वालों को व्यापार में अच्छा लाभ होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। व्यापार में बदलाव की योजना बन सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के जीवनसाथी को अचानक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। किसी संपत्ति की खरीद-बिक्री करते समय उसके सभी कानूनी पहलुओं पर ध्यान दें।

**मीन :** मीन राशि वालों का वैवाहिक जीवन आनंददायक रहेगा। आज छोटी या लंबी यात्रा हो सकती है। व्यापार में तरक्की से खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा।

## वर्ग पहेली नं. 2969

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | 26 | | ■ | |
| | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | | ■ |

**बायें से दायें:-** 1) गुप्तचर, 3) बिरादरी; कुटुंब, 6) नशीलापन, 8) विभूती; भस्म, 9) आवासीहीन; उजाड़, 11) एक वीणापाणि देवर्षि, 13) मारे हुए और घायल, 15) बहुत थोड़ा, 17) लंबाई मापने का एक छोटा पैमाना, 18) प्रांत; प्रदेश, 19) सर्पिल; असमतल; जो बल खाता गया हो, 22) परिणाम, 24) एक वाद्य, 25) चंद्रमा, 27) पतली-लचीली छड़ी, 28) रात, 29) मठाधी श; साधु, 30) झक; एक जलचर.

**ऊपर से नीचे:-** 1) भागीरथी, 2) भेदभावहीनता, 3) पंक्ति; क्यू, 4) बरकत; मुनाफ़ा, 5) चप्पू ; डोंगा चलाने का बल्ला, 7) शामियाना की मोटे कपड़े की दीवार, 10) पथिक, 12) मुरगीख़ाना, 14) दस सौ, 16) भाई का बेटा, 18) भास्कर, 20) प्रयास; गतिविधि; संचलन, 21) एक वृक्ष जिसकी सुगंधित छाल मसाले के काम में आती है, 22) कोणांश; विभाग; खंड, 23) पुरुषीय, 24) यातना; अत्याचार, 26) एक रत्न, 28) जुलूस *(अंग्रेजी)*.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | रा | फ़ | ■ | ■ | स | द्दा | म | ■ | ता |
| ■ | ■ | स | ट | क | ना | ■ | ली | हा | ज़ा |
| सं | क | ल | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ |
| क | ■ | ■ | बा | गी | ■ | हा | ■ | ■ | सै |
| ट | क | रा | व | ■ | अ | स | र | दा | र |
| ■ | श्मी | ■ | ला | ■ | ■ | हा | ■ | मि | ■ |
| ■ | र | वा | ■ | प्र | भा | ■ | प | नी | र |
| खो | ■ | जि | ■ | वा | र | दा | त | ■ | सी |
| ज | वा | ब | दे | ह | ■ | ■ | ला | ड़ | ला |

## सुडोकू-पहेली-2929

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 4 | | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| | | | 1 | | | | | |
| | | | | 8 | | | 2 | |
| | 7 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| 3 | 9 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | 7 | | 1 |
| | | | | | | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2928 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 |
| 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 1 |
| 4 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 |



# विधायक आवास में अभिषेक का नाम लेकर रंगदारी मामले में स्पीकर ने जारी किए आठ नए निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के नाम का उपयोग कर और भाजपा विधायक निखिलरंजन दे के फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर विधायक आवास में रंगदारी वसूलने के आरोप के बाद, विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने विधायक आवास के प्रबंधन के लिए आठ बिंदुओं वाला एक निर्देश जारी किया है। ये निर्देश



मंगलवार को किड्स स्ट्रीट स्थित विधायक आवास के नोटिस बोर्ड पर लगाए गए। नए निर्देशों केअनुसार, विधायक के लेटरहेड पर आई सिफारिश के आधार पर आवास आवंटन नहीं होगा। संबंधित विधायक से फोन पर पुष्टि के बाद ही कमरा दिया जाएगा। विधायक से मिलने के लिए आने वाले किसी भी वाहन को तभी परिसर में प्रवेश मिलेगा, जब उसमें सरकारी होलोग्राम या विधानसभा का स्टिकर लगा हो। आगंतुकों को मान्य फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा। पहचान पत्र जांचने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सुरक्षा कर्मी आगंतुकों की तस्वीर भी रिकॉर्ड करेंगे। परिसर के बाहर संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर उनसे पूछताछ की जाएगी। स्पीकर बिमान बनर्जी ने कहा कि विधायक आवास प्रबंधन के लिए विधानसभा के पास पहले से नियम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इन नियमों का पालन सख्ती से नहीं हुआ। अब इन नए निर्देशों से ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास किया जाएगा।

**कोलकाता पुलिस ने भाजपा विधायक को फिर किया तलब**

उधर, अभिषेक बनर्जी के नाम पर पांच लाख की रंगदारी मांगने के मामले में कोलकाता पुलिस ने भाजपा विधायक निखिलरंजन दे को दूसरी बार नोटिस भेजा है। भाजपा विधायी दल के सूत्रों के अनुसार, विधायक ने मंगलवार को पुलिस के सामने पेश नहीं हुए हैं। कोलकाता पुलिस बुधवार के बाद उन्हें किसी भी दिन पूछताछ के लिए बुला सकती है।

## संदेशखाली के ब्लॉक अध्यक्ष के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत करने पर धमकी

### आज हाईकोर्ट में सुनवाई की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेशखली की एक महिला ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और स्थानीय पुलिस पर आरोप लगाया कि उसने एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने लापरवाही से जांच की है। उसके अनुसार, अपराध पिछले साल मई में हुआ था और उसने और उसके परिवार के सदस्यों ने मामले पर कार्रवाई करने के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क किया था। उसने शिकायत की थी कि स्थानीय पुलिस ने उस समय मामले में एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया था।

लेकिन, कुछ दिनों बाद स्थानीय लोगों के दबाव में पुलिस को मामला दर्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीड़ित महिला ने अब आरोप लगाया है कि इतने महीनों में पुलिस ने जांच के दौरान एक इंच भी आगे नहीं बढ़ाई है। साथ ही, वह और उसके परिवार के सदस्य स्थानीय पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत वापस लेने के लिए आरोपियों और उनके सहयोगियों के दबाव में हैं। तीनों आरोपियों में से एक संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप मंडल है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पीड़ित महिला की याचिका स्वीकार कर ली है और मामले की सुनवाई बुधवार को होने की उम्मीद है।

## ममता सरकार ने सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर लगाई रोक, जारी किए सख्त निर्देश

### डॉक्टरों को अस्पतालों में लगातार आठ घंटे करना होगा काम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों के कामकाज को लेकर नए सख्त नियम जारी किए हैं। सोमवार की देर शाम को जारी एक आदेश के अनुसार, सरकारी डॉक्टरों को प्रतिदिन आठ घंटे अस्पताल में काम करना होगा और सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होगी। नए नियम के अनुसार, अब निजी प्रैक्टिस करने के लिए डॉक्टरों को केवल 'नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस' छोड़ना ही पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए स्वास्थ्य निदेशक या स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक से 'नो ऑब्जेक्शन



सर्टिफिकेट' (एनओसी) भी लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही डॉक्टरों को अपने कार्यक्षेत्र से 20 किमी की सीमा के बाहर निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई सरकारी डॉक्टर अस्पताल की सेवाओं को नजरअंदाज कर निजी प्रैक्टिस पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है। इसी कारण यह सख्ती लागू की गई है। इन सख्त नियमों का सबसे बड़ा प्रभाव उन डॉक्टरों पर होगा जो कोलकाता से दूर स्थित अस्पतालों में कार्यरत हैं और निजी प्रैक्टिस करते हैं। नए निर्देशों के चलते उनके लिए निजी प्रैक्टिस करना लगभग असंभव हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के इन कदमों का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों की सेवाओं में सुधार करना है, लेकिन डॉक्टरों के विरोध के चलते यह मामला और तूल पकड़ सकता है।

## ओबीसी सूची विवाद : सुप्रीम कोर्ट बंगाल की याचिका पर अब 28-29 जनवरी को करेगी सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिए गए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) दर्जे को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई मंगलवार को 28 और 29 जनवरी तक टाल दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस बात पर गौर करते हुए सुनवाई को स्थगित कर दिया कि इस मसले पर विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है। इस दिन, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने मामले में अपना हलफनामा दायर किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पैरवी की। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने पिछले साल 22 मई को पश्चिम बंगाल में कई जातियों को 2010 से दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया था और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों तथा सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण को अवैध करार दिया था। अपने फैसले में उच्च न्यायालय ने कहा था कि इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत होता है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि हटाए गए वर्गों के नागरिक, जो पहले से ही सेवा में हैं या आरक्षण का लाभ ले चुके हैं, या राज्य की किसी भी चयन प्रक्रिया में सफल हुए हैं, उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी। कुल मिलाकर, उच्च न्यायालय ने अप्रैल, 2010 और सितम्बर, 2010 के बीच दिए गए 77 वर्गों के आरक्षण को रद्द कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट स्कूलों में 25,753 नौकरियों को अमान्य घोषित करने के खिलाफ याचिकाओं पर 15 जनवरी को करेगी सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता : पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायताप्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई शुरू होते ही कहा कि उसके सामने दो विकल्प हैं - तीन न्यायाधीशों की पीठ मामले की फिर से सुनवाई करे या इसे दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो 19 दिसंबर से अंतिम दलीलें सुन रही है। मामले में पिछली सुनवाई उसी दिन हुई थी। वकीलों की दलीलों पर गौर करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई 15 जनवरी को दोपहर 2 बजे दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा की जाएगी। उस पीठ में प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति कुमार होंगे। शीर्ष अदालत में राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका सहित कुल 124 याचिकाएं लंबित हैं। उल्लेखनीय है कि पीठ ने इससे पहले कई प्रक्रियात्मक निर्देश जारी किए थे और चार वकीलों को नोडल वकील नियुक्त किया था। पीठ ने उन्हें विभिन्न पक्षों के वकीलों से विवरण प्राप्त करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप में एक साझा विवरण दाखिल करने को कहा था। पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश आस्था शर्मा, शालिनी कौल, पार्थ चटर्जी और शेखर कुमार को नोडल वकील नियुक्त किया है। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि ऐसे शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी जिनकी नियुक्तियां उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दी गई थीं, उन्हें वेतन और अन्य भत्ते वापस करने होंगे यदि वह इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि उनकी भर्ती अवैध थी। शीर्ष अदालत ने कथित भर्ती घोटाले को ''सुनियोजित धोखाधड़ी'' भी कहा।**

## 'सुपरमैन नहीं, तार्किक बनें', राशन घोटाले में अदालत ने ईडी से पूछे कड़े सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा**

राशन घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मंगलवार को अदालत में कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक द्वारा कथित रूप से लिखे गए एक पत्र पर बार-बार निर्भरता को लेकर अदालत ने ईडी की आलोचना की और एजेंसी को सुपरमैन बनने की बजाय तार्किक होने की नसीहत दी। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी द्वारा प्रस्तुत उस पत्र को लेकर सवाल उठाए, जिसमें भ्रष्टाचार से संबंधित वित्तीय लेनदेन का जिक्र किया गया है। न्यायाधीश ने पूछा कि आप एक ऐसे पत्र का हवाला दे रहे हैं जो आधिकारिक रूप से जब्त भी नहीं किया गया है। यह पत्र आखिर आया कहां से? उल्लेखनीय है कि ज्योतिप्रिय मल्लिक को ईडी ने 27 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद वे न्यायिक हिरासत में एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती थे। ईडी का दावा है कि मल्लिक ने अस्पताल में रहते हुए अपनी बेटी को एक पत्र लिखा, जिसमें कथित तौर पर भ्रष्टाचार से कमाए धन का जिक्र है। लेकिन अदालत ने यह सवाल उठाया कि न्यायिक हिरासत में रहते हुए यदि यह पत्र मिला, तो इसे अदालत में पेश क्यों नहीं किया गया। इस दिन, अदालत ने ईडी की जांच के दायरे पर भी सवाल उठाए। छह एफआईआर दर्ज होने के बावजूद बड़े घोटाले के संकेत नहीं मिलने पर न्यायाधीश ने कहा कि यदि यह बड़ा घोटाला है, तो क्या लाभार्थी प्रभावित हुए हैं? क्या किसी ने भूख से जान गंवाई है? ईडी ने जवाब में कहा कि उसने छापेमारी और अपने सूत्रों के जरिए सबूत जुटाए हैं। पत्र में उल्लेखित व्यक्तियों की जांच में देरी को लेकर पूछताछ के दौरान ईडी के वकील ने कहा कि हम सुपरमैन नहीं हैं। इस पर, न्यायाधीश ने पलटवार करते हुए कहा कि तो फिर आप सुपरमैन बनने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? आपको सुपरमैन नहीं, बल्कि तार्किक बनने की जरूरत है।

## मुख्यमंत्री की तस्वीर का फर्जी विज्ञापन में इस्तेमाल, तृणमूल ने दर्ज कराई शिकायत

**दक्षिण दिनाजपुर**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी विज्ञापन फैलाने के मामले में तृणमूल कांग्रेस ने बालुरघाट साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत मंगलवार को जिला तृणमूल कांग्रेस के महासचिव मफिजुद्दीन मिया के नेतृत्व में दर्ज की गई। इस दौरान, दक्षिण दिनाजपुर तृणमूल महिला कांग्रेस की अध्यक्ष स्नेहलता हेमरम समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। मफिजुद्दीन मिया ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तस्वीर का उपयोग कर एक फर्जी विज्ञापन प्रसारित किया जा रहा है। इस विज्ञापन में महिलाओं को 40 हजार रुपये का ऋण देने का झूठा वादा किया गया है। मिया ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। तृणमूल कांग्रेस ने इस फर्जी विज्ञापन को प्रसारित करने वाले लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन से आग्रह किया गया है कि इस मामले की तुरंत जांच की जाए ताकि कोई भी व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार न हो। बता दें कि इससे पहले, बालुरघाट से सांसद और भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार की तस्वीर का उपयोग कर फर्जी संदेश फैलाने का मामला सामने आया था। भाजपा ने इस मामले को लेकर सोमवार को दक्षिण दिनाजपुर जिला पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज कराई थी।

## नदिया में मिठाई दुकान में लगी आग, दो झुलसे

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णगंज के मजदिया रेलवे स्टेशन से सटे इलाके में मंगलवार को एक मिठाई की दुकान में भीषण आग लग गयी जिसमें दो लोग झुलस गए। आग बुझाने के दौरान दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस एवं स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, तड़के करीब 4 बजे जगबंधु मिष्ठान्न भंडार नामक दुकान में आग लग गई। धुंआ देखकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और आग बुझाना शुरू कर दिया। उधर, देखते ही देखते आग की लपटों ने दुकान के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ देर बाद अंदर से सिलेंडर फटने की आवाज भी आई। आग बुझाने के दौरान अरुण सिंह और चंचल हलदर नाम के दो स्थानीय लोग झुलस गए।



उन्हें कृष्णगंज ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें वहां से जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। आग की सूचना मिलने पर कृष्णानगर से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग को काबू कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिठाई दुकान लगभग पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। प्राथमिक तौर पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी।

## हिंदी भाषी मतदाताओं से जुड़ने में विफल हो रही माकपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सामने एक बड़ी चुनौती है- हिंदी भाषी नेताओं और कैडरों की कमी। यह कमी पार्टी को हिंदी भाषी मतदाताओं से जुड़ने में बाधा बना रही है। हालिया संगठनात्मक रिपोर्टों और सर्वेक्षणों में इस समस्या को पार्टी के जमीनी स्तर पर कमजोर जुड़ाव का मुख्य कारण बताया गया है। रिपोर्टों के अनुसार, कोलकाता के बड़ाबाजार, पोस्ता और जोड़ासांको, हावड़ा, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर और टिटागढ़, हुगली का चंदननगर, भद्रेश्वर और चांपदानी तथा पश्चिम बर्दवान के आसनसोल जैसे क्षेत्रों में हिंदी भाषी आबादी बड़ी संख्या में है। इसके बावजूद, हिंदी भाषी प्रतिनिधियों की कमी के कारण पार्टी इन मतदाताओं से प्रभावी ढंग से जुड़ने में असमर्थ रही है। यह समस्या उस समय स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एक महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किए गए। हालांकि, राज्य भर में प्रदर्शन आयोजित किए गए, लेकिन हिंदी में संवाद की कमी के कारण आंदोलन को जमीनी स्तर पर प्रभावी और टिकाऊ रूप से संचालित करना मुश्किल हो गया। यह भी बताया गया है कि पार्टी कार्यकर्ताओं में आंदोलन को लेकर एक प्रकार की निष्क्रियता बढ़ रही है, जिसके कारण वे ज्वलंत मुद्दों पर लगातार अभियान चलाने में असमर्थ हो रहे हैं। पार्टी की केंद्रीय समिति की दो दिवसीय बैठक 17 से 19 जनवरी तक न्यूटाउन में आयोजित की जाएगी, जिसमें इन मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। 17 जनवरी को दिवंगत ज्योति बसु, जो राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रख्यात मार्क्सवादी नेता थे, के नाम पर एक शोध केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। अगले दिन, केंद्रीय समिति आगामी पार्टी कांग्रेस के लिए एक राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा कर सकती है, जो अप्रैल में मदुरै, तमिलनाडु में होगी। पार्टी नेता इन बैठकों के माध्यम से संगठनात्मक कमजोरियों को दूर करने और पार्टी के संपर्क प्रयासों को पुनर्जीवित करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पूर्व विधायक प्रोफेसर जीवन मुखोपाध्याय का निधन, मुख्यमंत्री ममता ने जताया शोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोनारपुर के पूर्व विधायक और अध्यापक जीवन मुखोपाध्याय के निधन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें अपना सहयोद्धा बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। मंगलवार को ममता बनर्जी ने ट्वीट करते हुए कहा कि सोनारपुर के पूर्व विधायक और मेरे सहयोद्धा जीवन मुखोपाध्याय के अचानक निधन से दुखी हूं। वह एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर और पाठ्यपुस्तकों के लेखक थे। साथ ही, वह एक लोकप्रिय व्यक्ति और दृढ़ निश्चयी समाजसेवी भी थे। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार, दोस्तों और अनुयायियों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। बता दें कि जीवन मुखोपाध्याय न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि शिक्षा और समाज सेवा में भी सक्रिय थे। वह अपने समय के एक जाने-माने शिक्षाविद् और छात्रों के प्रिय लेखक माने जाते थे। उनके निधन के बाद से ही उनके शुभचिंतकों और क्षेत्रीय निवासियों के बीच शोक की लहर है।

## कोलकाता व उत्तर बंगाल में भूकंप से डोली धरती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तिब्बत में जहां भूकंप से 100 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए, वहीं इस भूकंप के झटके हिमालय के पार नेपाल, भूटान और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह 6.35 बजे कोलकाता और उत्तर बंगाल के कई जिलों में महसूस किया गया। सुबह में कोलकाता में 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। इससे लोग डर के मारे इमारतों से बाहर निकल आए। अचानक आए भूकंप से पूरे शहर में दहशत फैल गई। जबकि, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार के लोग भूकंप के झटकों से जाग उठे। कई लोग डर के मारे घर से बाहर निकल गए। इतना ही नहीं, उत्तर बंगाल घूमने के दौरान भूकंप का अहसास होने पर पर्यटक भी दहशत में आ गए। हालांकि, भूकंप के ये झटके बहुत जोरदार नहीं थे। भूकंप का केंद्र नेपाल में गोकर्णेश्वर के पास बताया जा रहा है।

## फॉरवर्ड ब्लॉक ने नेताजी पर टिप्पणी के मुद्दे पर कुणाल घोष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) ने तृणमूल कांग्रेस से अपील की है कि वह पार्टी नेता कुणाल घोष के नेताजी पर की गई विवादास्पद टिप्पणी पर कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, कुणाल घोष ने कहा था कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन कर जो सफलता हासिल की, वह नेताजी अपने पूरे राजनीतिक जीवन में नहीं कर पाए। फॉरवर्ड ब्लॉक के महासचिव जी. देवराजन ने इस टिप्पणी को निंदनीय बताते हुए एक बयान जारी किया और इसे मुख्यमंत्री को खुश करने का प्रयास करार दिया। उन्होंने नेताजी के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अप्रतिम योगदान की याद दिलाते हुए ममता बनर्जी से अपील की कि वह सुनिश्चित करें कि तृणमूल कांग्रेस के नेता इस तरह इतिहास का अपमान न करें। फॉरवर्ड ब्लॉक नेतृत्व ने कुणाल घोष की तुलना को अनुचित बताते हुए कहा कि दोनों घटनाओं के ऐतिहासिक संदर्भ अलग-अलग हैं।

## एचएमपीवी को लेकर लोगों को डराया जा रहा : ममता

- **मुख्यमंत्री ने निजी अस्पतालों पर साधा निशाना**



**हावड़ा, समाज्ञा :** ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) इस समय चिंता का कोई कारण नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को गंगासागर से कोलकाता लौटने के बाद ये बात कहीं। साथ ही, उन्होंने नाम लिए बिना 'प्राइवेट रैकेट' (निजी अस्पताल) को लेकर भी सभी को आगाह किया। बिना नाम लिए मुख्यमंत्री ने विभिन्न निजी अस्पतालों की 'अत्यधिक बिल' वसूलने की प्रवृत्ति पर हमला किया। साथ ही, कहा कि हल्का बुखार होने पर भी डराया जा रहा है। इस दिन, दोपहर में मुख्यमंत्री गंगासागर से हेलीकॉप्टर से हावड़ा के डुमुरजाला हेलीपैड पर उतरीं और राज्य के लोगों से नए 'चीनी वायरस' को लेकर निश्चिंत रहने को कहा। उन्होंने कहा कि वायरस के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। अगर चिंता की कोई वजह होगी तो हम इसकी जानकारी देंगे। इसके साथ ही उन्होंने 'प्राइवेट रैकेट' के बारे में सभी को जागरूक किया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कुछ 'प्राइवेट रैकेट' हैं, जो पैसा कमाने के लिए डरा-धमकाकर काम करती हैं। उन्होंने आग्रह किया कि लोग उनके इस जाल में न फंसें।

**Name Change**

I, Sadhana Kumari, daughter of Binod Tewari, residing at Flat No. - 3C, Block-A, 3rd floor, Mangal Chandi Complex, GL Roy Road, Rampur Benepukur, Maheshtala, Kolkata-700141, District - South 24 Parganas, do hereby solemnly affirm and declare that Sadhana Kumari D/o Binod Tewari and Sadhna Tewari D/o Binod Tewari is one and same identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate at Alipore dated 6th January 2025.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एसडीएएच-04-24-25; दिनांक 06.01.2025;** सीपीएम, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एसडीएएच-04-24-25 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **बंद होने की तारीख 28.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में एनकेजी बिल्डिंग, कोलकाता की तेरहवीं मंजिल पर सीएओ/कॉन/आरएसपी/पूर्व रेलवे कार्यालय एवं कॉन्फ्रेंस रूम में सीसीटीवी, आईपी-पीबीएक्स, रेलनेट वायर एवं वायरलेस सुविधा, सीसीटीवी, वायरलेस ऑडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम, कार्यालय सेवा टर्मिनलों इत्यादि जैसी दूरसंचार सुविधाएँ। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,27,99,590.72; **बयाना राशि:** रु. 2,14,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0/-। **निविदा अपलोडिंग की तारीख/समय:** 06.01.2025 को रात 07.17 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 6 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 14.01.2025; **बोली की शैली:** निविदा के लिए एकल दर। **संविदा का प्रकार:** वर्क्स। **संविदा की श्रेणी:** व्यय। **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम:** न्यूनतम से उच्चतम। **व्यय का प्रकार:** कैपिटल (वर्क्स)। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस पोर्टल में **"निविदा डोक्युमेंटअपडेटेड कॉपी 07.01.2025.पीडीएफ"** नामक ऊपरोक्त निविदा के लिए नए निविदा दस्तावेज संयोजित किए गए हैं तथा "निविदा दस्तावेज06.01.2025.पीडीएफ" नामक पुराने निविदा दस्तावेज हटा दिए गए हैं। अनुसूची मद 1 से 54 के लिए परिशिष्टों को जोड़ने के लिए यह अद्यतनीकरण किया गया है।

(SDAH-305/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**अलीपुरद्वार मंडल में विभिन्न प्रकार के बॉन्ड का प्रावधान**

**निविदा सूचना संख्या:** AP-EL-TRD-12-24-25; **दिनांक:** 01-01-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** AP-EL-TRD-12-24-25; **कार्य का नाम:** अलीपुरद्वार मंडल के रानीनगर जलपाईगुड़ी-न्यू कोचबिहार-टीएसआर (पी) - 12.800 टीकेएम से जुड़े विभिन्न प्रकार के बॉन्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,60,406.55/-; **अग्रिम राशि:** ₹13,200/-; **निविदा के बंद करने की तिथि और समय 23-01-2025 को 15:00 बजे और खोलने की 15:30 बजे।** विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

**डीआरएम/इलेक्ट.(टीआरडी), अलीपुरद्वार जं.**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/डिजिचार्ट/ओटीएच पीएफ/2024, दिनांक 04.01.2025;** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉम्पलेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-2; सिक्वेंस सं., लॉट नं. एवं विवरण** निम्नलिखित हैं: **एए/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-130-24-1;** हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म - 8 पर में 50:50 समय/जगह की साझेदारी के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ डिजिटल पैसेंजर रिजर्वेशन चार्ट बोर्ड कियोस्क की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 20.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे।

(HWH-528/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/25/3, दिनांक 06.01.2025;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं:- **निविदा खुलने की तारीख: 22.01.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (1)** 04245027, परिपूर्ण मेटालिक किट बॉक्स के साथ पुर्जे, संलग्न अनुलग्नक-ए के अनुसार 14 मदें युक्त एक सेट, रु. 1,16,210/-। **निविदा खुलने की तारीख: 23.01.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (2)** 20245016, 25 केवी एसी एमईएमयू के लिए उच्च अश्व शक्ति का ट्रैक्शन मोटर (207 केडब्ल्यू), रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख: 24.01.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (3)** 11241127, गैंगवे ब्रिज माउंटिंग, रु. 2,07,240/-। **निविदा खुलने की तारीख: 27.01.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (4)** 05241100ए, डब्ल्यूएपी-7 एवं डब्ल्यूएजी-9 (3-फेज) के लिए ट्रैक्शन कनवर्टर तथा मेन ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल शेल डायला डीएक्स की खरीददारी, रु. 1,85,150/-। **(5)** 10242428, 3-फेज लोको इत्यादि के लिए सम्पूर्ण गीयर केस, रु. 1,21,780/-. **निविदा खुलने की तारीख: 28.01.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (6)** 15245108, (क) एयर स्प्रिंग सस्पेंशन (एएसआर) फिएट बोगी फ्रेम ब्रेक बीम इत्यादि के अंतिम वेल्डिंग फिक्सचर तथा मैनीपुलेटर की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, रु. 3,08,370/-। **निविदा खुलने की तारीख: 03.02.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (7)** 05241032, ट्रैक्शन मोटर इत्यादि के लिए गीयर केस ऑयल की खरीददारी, रु. 1,43,690/-। **निविदा खुलने की तारीख: 03.03.2025, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (8)** 20241079ए, ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए रबड़ स्प्रिंग प्लेट, रु. 1,72,700/-। **निविदा लागत:** सभी के लिए रु. 0। **टिप्पणी:** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

(STORES-70/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# 'राज्य के कई स्कूलों में नहीं हैं छात्र', शिक्षा मंत्री ने स्कूलों के विलय पर मांगी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार उन सरकारी स्कूलों का विलय करेगी जहां छात्रों की संख्या बेहद कम है। सोमवार को दक्षिण कोलकाता के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षामंत्री ब्रात्य बसु ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, कई स्कूलों में छात्र नहीं हैं। इस विषय पर एक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकिम से इस बारे में चर्चा हो चुकी है। उनके क्षेत्र के दो स्कूलों को मिलाया जाएगा। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी स्कूलों का विलय होगा। सेंट्रल रिपोर्ट के




मुताबिक माध्यमिक स्तर पर बढ़ती ड्रॉपआउट दर पर सवाल पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, मुझे रिपोर्ट देखनी होगी। केंद्र की रिपोर्ट हमेशा सही हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता। हालांकि यह सच है कि दसवीं कक्षा तक मिड-डे मील नहीं दिया जाता। हम केंद्र से कई बार अनुरोध कर चुके हैं कि दसवीं तक मिड-डे मील प्रदान किया जाए ताकि गरीब परिवारों के छात्र स्कूल जाने के लिए प्रेरित हों। विकास भवन ने राज्य के सभी स्कूलों से छात्रों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, और छात्र-शिक्षक अनुपात की जानकारी मांगी है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के लगभग 250 स्कूलों में नामांकन दर शून्य के करीब है। 3,363 स्कूलों में केवल एक शिक्षक हैं, जबकि 8,261 स्कूलों में 20 से कम छात्र हैं। मिली जानकारी के अनुसार, राज्य के स्कूलों में लगभग 1,200 शिक्षक जरूरत से अधिक हैं। जिन स्कूलों में छात्रों की तुलना में शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से शिक्षकों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। आदर्श छात्र-शिक्षक अनुपात प्रति 40 छात्रों पर एक शिक्षक माना जाता है, जबकि विषय आधारित शिक्षकों के लिए यह अनुपात प्रति 110-120 छात्रों पर एक शिक्षक है।

# बिजनेस समिट की तैयारियों की समीक्षा के लिए ममता ने आज बुलाई बैठक

**❏ निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आगामी 5-6 फरवरी को आयोजित होगा ग्लोबल बिजनेस समिट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गंगासागर मेले की तैयारियों की समीक्षा के बाद आगामी माह कोलकाता में होने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। मंगलवार को गंगासागर से लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को राज्य सचिवालय नवान्न में प्रशासनिक अधिकारियों की एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में बिजनेस समिट को लेकर राज्य की तैयारियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करेंगी। बता दें कि कोलकाता में बिजनेस समिट 5-6 फरवरी को होगा। अगले साल यानी 2026 में विधानसभा चुनाव होना है।

इससे पहले मुख्यमंत्री को इस मंच से राज्य की औद्योगिक क्षमता को प्रदेशवासियों के सामने पेश करने का बड़ा मौका है। इसलिए इस साल का बीजीबीएस प्रशासनिक और राजनीतिक रूप से ममता के लिए काफी महत्व-पूर्ण है। पिछले कुछ महीनों से मुख्यमंत्री ने इस सम्मेलन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को कई जिम्मेदारियां दी हैं। वह तैयारी कितनी आगे बढ़ी है, इसकी विस्तृत रिपोर्ट इस बैठक ममता लेंगी। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंथ और राज्य प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विशेष रूप से इस दौरान लिए गए विभिन्न नीतिगत निर्णयों और प्रारंभिक गतिविधियों पर मुख्य सचिव से जानकारी लेंगे।

राज्य सरकार बीजीबीएस के लिए नई 'रिटेल' नीति तैयार कर रही है। इस संबंध में पिछले सप्ताह मुख्य सचिव के नेतृत्व में नवान्न में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। मुख्य सचिव उस बैठक में लिए गए निर्णयों और 'रिटेल' नीति के मसौदे पर एक विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप सकते हैं।

### मार्च में लंदन जा सकती हैं ममता, बड़ी घोषणा की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मार्च के तीसरे सप्ताह में लंदन जा सकती हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार, 24 से 26 मार्च के बीच ममता बनर्जी को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और एसोसिएशन के एक सदस्य ने बताया कि देश के बहुत कम राज्यों के मुख्यमंत्रियों को यह सम्मान मिला है। गौरतलब है कि नवंबर 2023 में हुए विश्वबंग व्यापार सम्मेलन के दौरान ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रो-वाईस चांसलर जोनाथन मिशी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आमंत्रित किया था। उस समय उन्होंने यह भी कहा था कि ममता बनर्जी को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में आने का सम्मान प्राप्त होगा। इस आमंत्रण को मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया था।

### फर्जी पासपोर्ट बनाने के मामले में एक और गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट बनाने के मामले में पुलिस ने हुगली जिले के खानाकुल से सोमवार की रात भास्कर सामंत नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके घर से दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, एक बायोमेट्रिक डिवाइस व आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। बता दें कि बर्दवान जिला पुलिस की एक टीम ने कुछ दिन पहले फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनाने के मामले में गणेश चक्रवर्ती और अनिर्बान सामंत नाम के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ के बाद भास्कर का नाम सामने आया। इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

## सीपीएम ने किया जिला कमेटी का पुनर्गठन, कल्लोल फिर से कोलकाता जिला सचिव बने

### जिला समिति के 12 नए सदस्यों में दो युवा नेता भी शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीपीएम ने अपने कोलकाता जिला कमिटी का पुनर्गठन करते हुए चार वरिष्ठ नेताओं को पदमुक्त कर दिया है। सीपीएम ने अपने कोलकाता जिला कमिटी का पुनर्गठन करते हुए चार वरिष्ठ नेताओं को पदमुक्त कर दिया है। इनमें, पूर्व मंत्री अनादी साहू, देबांजन चक्रवर्ती, गौतम बंद्योपाध्याय और अशोक चटर्जी शामिल हैं। अनादी साहू, वर्तमान में सीपीएम के श्रमिक संगठन सीटू के राज्य सचिव और पार्टी की राज्य कमिटी के सदस्य हैं। वहीं, देबांजन चक्रवर्ती कोलकाता जिला सीटू के सचिव हैं, इसलिए उन्हें जिला कमिटी से बाहर रखा गया। इस बार भी कल्लोल मजूमदार कोलकाता जिला सीपीएम के सचिव पद पर पुनर्निर्वाचित हुए



हैं। यह उनका लगातार तीसरा कार्यकाल है। 66 सदस्यों वाली नई जिला कमिटी में 12 नए चेहरों को शामिल किया गया है। जिला कमिटी में युवा नेताओं को भी जगह दी गई है। डीवाईएफआई (डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया) की नेता पौलबी मजूमदार और पूर्व एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) नेता विकास झा को कमेटी में शामिल किया गया है।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : 29 लोगों व 24 प्रतिष्ठानों के खिलाफ तय किए गए आरोप

### आरोपितों में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी, तृणमूल विधायक मानिक भट्टाचार्य व अन्य शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा**

शिक्षक भर्ती घोटाले में मंगलवार को आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। इस दिन, ईडी ने आरोपितों के खिलाफ सुबूत पेश किए। उसके आधार पर मनी लांड्रिंग अधिनियम की विशिष्ट धाराओं के तहत आरोप तय किए गए। ईडी ने विशेष अदालत में दायर आरोपपत्र में कुल 53 लोगों को आरोपित बनाया है, जिनमें से 29 व्यक्ति और शेष 24 कॉरपोरेट संस्थाएं या ट्रस्ट हैं। उल्लेखनीय है कि मामले में सोमवार को छह लोगों राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व तृणमूल विधायक मानिक भट्टाचार्य, प्रमोटर अयान शील, सुजयकृष्ण भद्र, पूर्व तृणमूल नेता शांतनु बनर्जी व एजेंट संतु गंगोपाध्याय खिलाफ आरोप तय किए गए। मंगलवार को 47 अन्य आरोपितों और संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आरोप तय किए गए। इनमें पार्थ की करीबी अर्पिता मुखर्जी, पूर्व तृणमूल नेता कुंतल घोष, तापस मंडल और अन्य शामिल हैं। प्रतिष्ठानों में लीप्स एंड बाउंड्स व अन्य शामिल है। न्यायाधीश ने सभी के खिलाफ आरोपों को अलग-अलग पढ़ा। वे दोषी हैं या निर्दोष, यह भी पूछा गया। हालांकि, कई आरोपितों ने खुद को निर्दोष बताया, जिस पर न्यायाधीश ने कहा कि उनके इस मामले में सीधे तौर पर शामिल होने के सुबूत मिले हैं। कोर्ट के निर्देशानुसार, ईडी ने तीन गवाहों के नाम सौंपे हैं। 14, 20 और 27 जनवरी को बंद कमरे में उनकी गवाही ली जाएगी।

## काठमिस्त्री की रहस्यमयी मौत, शरीर पर कई चोटों के निशान, पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात के नवपल्ली इलाके में 55 वर्षीय काठमिस्त्री रवींद्र बिश्वास की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान पाए हैं, जिसके बाद हत्या या किसी अन्य कारण से मौत की जांच शुरू कर दी है। रवींद्र विश्वास, जो पेशे से काठमिस्त्री थे, पिछले छह वर्षों से नवपल्ली के एक किराए के घर में अकेले रह रहे थे। उनके मकान मालिक ने बताया कि वह हर महीने 3 तारीख को किराया देते थे, लेकिन इस महीने अब तक उन्होंने किराया नहीं दिया था। रवींद्र के परिवार के सदस्य और बेटी ने उन्हें फोन करने की कोशिश की, लेकिन जब उनका फोन नहीं उठा, तो उन्होंने मकान मालिक से संपर्क किया। एक



परिचित व्यक्ति जब उन्हें ढूंढ़ने गया, तो रवींद्र का शव उनके घर के अंदर पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान थे। इसके बाद बारासात थाना पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए बारासात सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।




**आईसीसी के 18वें पर्यावरण साझेदारी शिखर सम्मेलन में सर्कुलर इकोनॉमी फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ पर चर्चा करते हुए डॉ. राजीव सिंह (महानिदेशक, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स), रौशनी सेन (आईएएस, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार), डॉ. शशि पांजा (महिला और बाल विकास और सामाजिक कल्याण विभाग मंत्री), संजय बुधिया (पूर्व अध्यक्ष, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं प्रबंध निदेशक, पैटन) और एचई बारबरा वॉस (जर्मन महावाणिज्यदूत, कोलकाता) उपस्थित रहे।**

## आरजीकर कांड : सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे पीड़िता के माता-पिता

**❏ पीड़ित परिवार का दावा, घटना में एक से अधिक लोग हैं शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुष्कर्म व हत्या की शिकार आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के माता-पिता इस बार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वे नए सिरे से नहीं, बल्कि आगे की जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। जल्द ही वे याचिका दायर करेंगे। बता दें कि इस घटना में मुख्य आरोपित सिविक वॉलंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता के माता-पिता का दावा है कि घटना में एक से अधिक लोग शामिल हैं। उनका पता लगाना होगा। तभी सच्चाई सामने आएगी। उल्लेखनीय है कि पीड़िता के माता-पिता ने पिछले दिनों निचली



अदालत सियालदह कोर्ट में 57 पेज का बयान दाखिल किया है। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्रीय जांच एजेंसी पर सुबूत मिटाने का आरोप लगाया है। उनके वकील अमत्र्य दे ने दावा किया है कि सीसीटीवी फुटेज में जो परिस्थितिजन्य साक्ष्य दिख रहे हैं, उसमें किसी एक व्यक्ति द्वारा ऐसा करना संभव नहीं है। इसके पीछे कई और लोग शामिल हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह में 'आदिवासी अतिथि' के रूप में दिल्ली जाएंगे बंगाल के दो प्रतिनिधि

### जनजातीय कार्य मंत्रालय ने संबंधित राज्य को पत्र लिखकर किया था आमंत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा**

दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पश्चिम बंगाल के दो प्रतिनिधि 'आदिवासी अतिथि' के रूप में शामिल होंगे। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय के निमंत्रण पर देवू टुडू और बीरबाहा सोरेन टुडू, इस विशेष अवसर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके साथ लियाजॉन अधिकारी के रूप में दिलीप मार्डी भी उपस्थित रहेंगे। देवू टुडू पूर्व वर्दवान जिला परिषद के सभाधिपति और सहायक सभाधिपति रह चुके हैं।

वर्तमान में वे तृणमूल कांग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रमुख नेताओं में से एक हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर की। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दो आदिवासी अतिथि नामित करने का पत्र भेजा था।

पश्चिम बंगाल सरकार ने देवू टुडू और बीरबाहा सोरेन टुडू को नामांकित किया। आदिवासी विकास विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी अरूप कुमार दे ने जनजातीय मामलों के मंत्रालय को इन नामांकित व्यक्तियों और लियाजॉन अधिकारी की जानकारी औपचारिक रूप से भेज दी है।

यह पहल आदिवासी समुदाय के योगदान को सम्मानित करने और उनकी संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## बी.आर. सिंह अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में पहली बार 'टीईवीएआर' प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** बी.आर.सिंह अस्प-ताल के कार्डियोलॉजी विभाग ने 1 जनवरी 2025 को पहली बार टीईवीएआर (थोरासिक एंडोव-स्कुलर एओर्टिक रिपेयर) प्रक्रिया को



सफलतापूर्वक अंजाम देकर हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह प्रक्रिया 62 वर्षीय पुरुष मरीज पर की गई, जो पिछले छह महीनों से पेट में गंभीर असहजता और बेचैनी महसूस कर रहे थे। बी.आर.सिंह अस्पताल में सीटी एओर्टोग्राम समेत विस्तृत जांच के बाद उन्हें थोरासिक एओर्टिक एन्यूरिज्म नामक जानलेवा स्थिति का पता चला। इस जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए विशेषज्ञों की एक बहु-विशेषज्ञ टीम ने सहयोग किया। इस टीम में डॉ. असीत दास (कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. अजय गौतम (वरिष्ठ डीएमओ/आईसी/कार्डियोलॉजी), डॉ. अशोक साहा (एसीएचडी/आईसी/एनेस्थीसिया), डॉ. निलेंदु चक्रवर्ती (एसीएचडी/एनेस्थीसिया), डॉ. परिया (वरिष्ठ डीएमओ/रेडियोलॉजी) और उनकी टीम शामिल थी। यह उपलब्धि बी.आर.सिंह अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर की उन्नत क्षमताओं को उजागर करती है।

## मुर्शिदाबाद में भारत-बांग्लादेश सीमा से 36.73 लाख के सोने के बिस्कुटों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** बीएसएफ के जवानों ने मुर्शिदाबाद जिले में भारत- बांग्लादेश सीमा पर तस्करी को नाकाम कर तीन सोने के बिस्कुटों व एक सिक्के के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने मंगलवार को बयान में बताया कि जब्त सोने का वजन 467 ग्राम है और इसकी अनुमानित कीमत 36.73 लाख रुपये है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के डीआईजी व प्रवक्ता एनके पांडे ने बताया कि 146वीं वाहिनी की सीमा चौकी चारभद्र बेस के जवानों ने पुख्ता सूचना पर सोमवार को कार्रवाही करते हुए तस्कर को दबोचा।



जब तस्कर इस सोने को बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि दोपहर के वक्त घात दल ने सीमा के पास घास काटने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियां देखी। पूछताछ व गहन तलाशी लेने पर संदिग्ध के पास से तीन सोने के बिस्कुट व एक सोने का सिक्का बरामद हुआ। पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति ने खुलासा किया कि वह मुर्शिदाबाद जिले के घोसपाड़ा गांव का रहने वाला है। वह अपने खेत में छुपाए सोने को लेने आया था। सोने को चर उदय नगर कालोनी व फ़र्ज़ीपाड़ा में किसी अज्ञात व्यक्तियों को सौंपना था। लेकिन बीएसएफ ने उसे सोना निकालते समय रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति व जब्त सोने को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए सीमा शुल्क कार्यालय, जालंगी को सौंप दिया गया है।

### संतरागाछी ब्रिज पर सड़क दुर्घटना में डॉक्टर की मौत



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले में संतरागाछी ब्रिज पर मंगलवार की सुबह हुए सड़क दुर्घटना में एक डॉक्टर की मौत हो गई। मृतक का नाम शुभाशीष घोष है। वे पेशे से डॉक्टर और उत्तरपाड़ा के निवासी हैं। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रोज की तरह मंगलवार की सुबह शुभाशीष नर्सिंग होम जाने के लिए अपनी बाइक से निकले थे। कोना एक्सप्रेसवे के पास संतरागाछी ब्रिज पर वह एक डंपर की चपेट में आ गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने शुभाशीष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घातक गाड़ी को जब्त कर लिया है और चालक को भी गिरफ्तार किया गया है।

### पुरशुरा में सड़क किनारे मिला रक्तरंजित शव, जांच में जुटी पुलिस

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के पुरशुरा में सोमवार की देर रात एक युवक का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। शव से कुछ दूरी पर एक पलटी हुई बाइक मिली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत युवक का नाम साकिर मिद्या था। वह स्थानीय निवासी था। वह मुंबई में सोने का काम करता था। बताया गया है कि युवक चार दिन पहले अपने घर लौटा था। गत सोमवार की शाम साकिर अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से घर से निकला था। देर रात उसका रक्तरंजित शव सड़क के किनारे मिला। मंगलवार की सुबह पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक के साथियों की तलाश की जा रही है।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने साल्टलेक सिटी में अपनी नई शाखा का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने कलकाता के साल्ट लेक में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस म्यूचुअल फंड ने साल्ट लेक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में निवेश के अवसरों और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी नई शाखा की शुरुआत की है। नई शाखा एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, बीडी-98, साल्ट लेक सिटी, पहली मंजिल, बीडी ब्लॉक, कोलकाता में स्थित है। इसका उद्घाटन संतोष सिंह, आरआरबीएच, ईस्ट और साउथ, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने किया। नई शाखा में निवेश संबंधी व्यापक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें नए आवेदनों की मंजूरी और उनकी प्रोसेसिंग, नए निवेशकों के लिए केवाईसी की सुविधा, खातों का विवरण और बहुत कुछ शामिल है। इसके अतिरिक्त, शाखा में निवेशकों का मार्गदर्शन करने और उनकी निवेश यात्रा में उनकी सहायता करने के लिए समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर होंगे।

# अमृत स्टेशन योजना के तहत पानागढ़ रेलवे स्टेशन का हुआ अत्याधुनिक उन्नयन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आसनसोल डिवीजन के तहत पानागढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत एक विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में परिवर्तित किया गया है। भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाने की इस पहल के तहत पानागढ़ स्टेशन ने 6 जनवरी 2025 से अपने नए रूप में संचालन शुरू कर दिया है। यह उन्नयन स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर सौंदर्य और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के साथ भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत को बनाए रखने के उद्देश्य से यह परिवर्तन किया गया है। स्टेशन की प्रमुख उन्नयन सुविधाओं में नया



बुकिंग कॉम्प्लेक्स, प्रतीक्षालय एवं शौचालय, प्लेटफार्म पर ट्रेन जानकारी बोर्ड, कोच इंडिकेशन बोर्ड, फुट ओवरब्रिज पर एट-अ-ग्लांस डिस्प्ले बोर्ड और नई इमारत में मल्टी लाइन डिस्प्ले बोर्ड, प्लेटफार्म 1 और 2 का नवीनीकरण और दो नए प्लेटफार्म शेड्स का निर्माण। इसके अलावा, एलईडी साइनबोर्ड, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास शामिल है। इस व्यापक उन्नयन ने न केवल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाया है, बल्कि पानागढ़ स्टेशन को क्षेत्रीय आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

## 'कोलकाता पुलिस के अधिक केस दर्ज करने से बढ़ रही हैं दुर्घटनाएं', बस मालिक संगठन ने डीसी ट्रैफिक से की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की सड़कों पर सरकारी बसों की कमी और कई जगहों पर बसों के बीच रेस के कारण दुर्घटनाएं बढ़ने की शिकायतें सामने आई हैं। हाल ही में, नवान्न से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने परिवहन विभाग और पुलिस की भूमिका पर असंतोष व्यक्त किया था। इसके बाद, मंगलवार को बस और मिनी बस संगठन के नेताओं और कोलकाता ट्रैफिक पुलिस के बीच बैठक हुई। बैठक के दौरान, ट्रैफिक डीसी द्वारा बसों के बीच रेस के मुद्दे पर चर्चा किए जाने पर, बस मालिक संगठन ने कहा कि कोलकाता पुलिस के द्वारा बसों पर अधिक केस दर्ज करने की प्रवृत्ति के कारण ही प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। बस मालिक संगठन के अध्यक्ष अशोक गायेन ने कहा कि कोलकाता पुलिस के केस दर्ज करने की प्रक्रिया अब बजट के जैसे बन गई है। अगर एक बस पर हजारों केस दर्ज होते हैं तो वह ओवरटेक करने के लिए मजबूर होगा। यह दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। इसके जवाब में, ट्रैफिक



डीसी ने कहा कि केस दर्ज करने का कोई टार्गेट नहीं होता है, केवल गलत काम पर ही केस दर्ज किए जाते हैं। डीसी ने यह भी कहा कि कोलकाता में होने वाली दुर्घटनाओं का 30 से 35 प्रतिशत कारण बसों का बेतरतीब चलना है। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि शहर में सुरक्षा को कैसे सुनिश्चित किया जाए और ड्राइवरों को प्रशिक्षण कैसे दिया जाए। इस बैठक में यह भी बताया गया कि दुर्घटनाएं लगभग सुबह 8 बजे से 12 बजे और शाम 4 बजे से रात 8 बजे के बीच होती हैं। ट्रैफिक डीसी ने बस और मिनीबस मालिकों से यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी राजस्व के लिए जुर्माना नहीं लिया जाता है।

### जरूरतमंदों के पास पहुंचकर बांटे कंबल



**हुगली :** रक्तदान के तरह कंबल दान से भी मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है। अनेको ऐसे लोग है जिनके पास रहने के लिए छत नहीं इसलिए उन्हें रेलवे स्टेशन, फुटपाथ, सड़कों पर कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन व्यतीत करना पड़ता है। ठंड में जीवन रक्षा का कवच होता है कंबल। राज्यधरपुर ग्राम पंचायत के 17 नंबर वार्ड के सदस्य सागर सिंह ने उन सभी असहाय जरूरतमंदों में रेलवे स्टेशन, सड़कों फुटपाथ सार्वजनिक स्थल व अपने वार्ड के विभिन्न जगह पर रहने वाले वृद्ध, अपंग, दिव्यांगजन जरूरतमंदों के पास जाकर उन्हें कंबल दान दिया। कंबल दान श्रीरामपुर विधानसभा सीट से विधायक डॉक्टर सुदीप्त राय के सहयोग से हुआ। इस दिन तक़रीबन 150 लोगों में कंबल बांटे गए। उनके इस काम में शाखा संगठन के लोगों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया। सागर सिंह ने बताया कि मंच बनाकर कंबल बांटना और उसका प्रचार करना कहीं न कहीं असहाय लोगों को ठेस पहुंचाना है। कुछ लोग ऐसे भी है जो शारीरिक अक्षमता की वजह से कंबल पाने से वंचित रहते है इसलिए ठंड से ठिठुरते रहते हैं ऐसे लोगों के पास रात के अंधेरे में पहुंचकर उन्हें अपने हाथों से कंबल उढ़ाकर अलग सकून मिला।

# तृणमूल विधायक कंचन मल्लिक के बाद अब मानिक भट्टाचार्य के मेडिकल बिल पर विवाद

**❑ विधानसभा स्पीकर ने प्रेसिडेंसी जेल के अधीक्षक को तलब कर की बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल विधायक व टॉलीवुड अभिनेता कंचन मल्लिक की पत्नी के प्रसव के छह लाख रुपये के मेडिकल बिल विधानसभा में जमा होने को लेकर काफी चर्चा हुई थी। इसके बाद, तृणमूल कांग्रेस के एक और विधायक के मेडिकल बिल पर नया विवाद खड़ा हो गया। ये विधायक पलाशीपाड़ा के हैं। नाम मानिक भट्टाचार्य है। जिस पर संयोगवश शिक्षक भर्ती घोटाले का आरोप है और लंबे समय तक जेल रहने के बाद हाल ही में जमानत पर रिहा हुए हैं। पलाशीपाड़ा के तृणमूल विधायक मानिक भट्टाचार्य के मेडिकल बिल जमा करने पर विवाद शुरू हो गया है। विधानसभा सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में उन्होंने विधानसभा के टीए-डीए सेक्शन में कुछ मेडिकल बिल जमा किए थे। बिल देखने के बाद एक बिल को लेकर सवाल उठा है। मामले की सूचना तुरंत विधानसभा सचिवालय को दी गई। मामले की महत्ता को देखते हुए इसे स्पीकर बिमान बनर्जी के पास भेजा गया। बिल की जांच के बाद स्पीकर ने अलीपुर प्रेसिडेंसी जेल के अधीक्षक को तलब किया। प्रेसिडेंसी जेल के अधीक्षक सोमवार को विधानसभा स्पीकर से मिलने विधानसभा पहुंचे थे। स्पीकर के साथ लंबी बैठक के बाद अधिकारी चुपचाप विधानसभा से चले गए, लेकिन जेल अधीक्षक को किस कारण से विधानसभा में बुलाया गया, इस पर विधानसभा स्पीकर अपना मुंह नहीं खोलना चाहते है।

**❑ जेल में रहने के दौरान हुए मेडिकल खर्च के बिल का मामला**

विधानसभा सूत्रों के मुताबिक, विधायक मानिक ने विधानसभा में जो बिल जमा किया है, उनमें से एक बिल उनके जेल जाने के दौरान का है। नियमों के मुताबिक, जेल में रहने के दौरान कैदी के इलाज की जिम्मेदारी जेल अधिकारियों की होती है। इसलिए यदि उस दौरान जेल में कोई खर्च होता है तो उसे वहन करने के लिए कोई और जिम्मेदार नहीं है। उस स्रोत से, विधानसभा में सवाल उठाया गया है कि मानिक जेल में रहते हुए चिकित्सा व्यय बिल विधानसभा में कैसे जमा कर सकते हैं? हालांकि, विधानसभा के एक अन्य सूत्र के अनुसार, अगर मानिक जेल जाने से पहले किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो उस बीमारी का इलाज जारी रहता है और जेल जाने के बाद भी उनके परिवार को संबंधित इलाज या दवा की व्यवस्था बाहर से करनी पड़ती है। ऐसे में मानिक विधानसभा में विधायक के तौर पर वह मेडिकल बिल भी जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि पलाशीपाड़ा के तृणमूल विधायक और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मानिक प्राथमिक भर्ती घोटाले में आरोपित हैं। ईडी ने उन्हें 11 अक्टूबर, 2022 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद वह लगभग 23 महीने तक प्रेसिडेंसी जेल में कैद रहे थे। सितंबर 2024 में कलकत्ता हाईकोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी थी।

## जमीन विवाद की थाने में शिकायत, जमानत मिलते ही शिकायतकर्ता महिला को गोली मारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चापड़ा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जमीन के विवाद में दो परिवारों के बीच चल रही झगड़े में एक महिला को गोली मारी गई है। पुलिस ने पहले शिकायत के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह आरोपी महिला पर हमला करने के लिए वापस लौट आया। घायल महिला का नाम सबीना मिस्त्री है। जानकारी के अनुसार, चापड़ा के पुकुरिया इलाके में दो भाइयों के परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को दोनों परिवारों में मारपीट हुई थी और इस दौरान सबीना मिस्त्री को बुरी तरह पीटा गया था। बाद में, सबीना की शिकायत पर पुलिस ने अब्बास शेख को गिरफ्तार किया था।

सोमवार को वह जमानत पर रिहा हुआ और घर लौटते ही उसने सबीना को निशाना बनाकर गोली चलाई। सबीना मिस्त्री के अनुसार, रात को जब वह घर लौट रही थी, तब अब्बास, हज और उस्मान नामक तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका और गोली चला दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सबीना को पहले चापड़ा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत बिगड़ने पर रात को उसे कृष्णनगर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## गैस बलून फुलाने के दौरान सिलेंडर में विस्फोट, एक महिला की मौत व चार घायल



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलुबेड़िया में मंगलवार को गैस बलून फुलाने के दौरान सिलेंडर विस्फोट से एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह घटना शाम पेड़ो थाना क्षेत्र के हरिशपुर ग्राम पंचायत के कचहरीतला इलाके की है। मृतका की पहचान बैशाखी बाग (32) है। घायलों में गैस बलून विक्रेता नीलाप दलुई शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर है। उन्हें कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, एक महिला आमता अस्पताल में और दो अन्य घायल उदयनारायणपुर जिला अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के समय कचहरीतला के काली मंदिर में वार्षिक काली पूजा के अवसर पर एक छोटा मेला लगा था। गैस बलून स्टॉल के पास ही फुचका खा रहीं बैशाखी और आसपास के लोग विस्फोट की चपेट में आ गए। जोरदार धमाके से इलाके में दहशत फैल गई। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि बलून सिलेंडर में तकनीकी खराबी विस्फोट का कारण हो सकती है। इस मामले की जांच जारी है।

## नगरपालिका के पानी से रंगीन मछलियों का कारोबार

**❑ अवैध उपयोग पर जल कनेक्शन काटने का निर्देश**



**हुगली :** चुंचुड़ा नगरपालिका के आठ नंबर वार्ड के कपासडांगा न्यू जीएडी कॉलोनी के निवासी रतन विश्वास ने अपने घर में 16 बड़े टैंक बनाकर रंगीन मछलियों की खेती शुरू की है। इसके लिए उन्होंने एक घरेलू जल कनेक्शन लिया, जिसका उपयोग न केवल अपने घर में बल्कि पड़ोसी घर में भी हो रहा है। इस वजह से इलाके के अन्य निवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने इस अवैध जल उपयोग की शिकायत विधायक असित मजूमदार से की। हालांकि, विधायक हाल ही में पैर में चोट लगने के कारण जनसंपर्क से दूर हैं, इसलिए उन्होंने स्थानीय पार्षद और जल विभाग के अधिकारियों को इस मामले की जांच के लिए कहा।सुबह, पार्षद निर्मल चक्रवर्ती और जल विभाग के प्रभारी पार्षद दिव्येंदु अधिकारी कर्मचारियों के साथ कपासडांगा पहुंचे। वहां के हालात देखकर सभी हैरान रह गए। रतन विश्वास के घर के भीतर बड़े-बड़े टैंकों में रंगीन मछलियों की खेती हो रही थी। इसके लिए नगर पालिका के पानी का मुफ्त में व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था, जिसे पूरी तरह से अवैध बताया गया। रतन विश्वास का दावा है कि उनके पास ट्रेड लाइसेंस है, लेकिन नगर पालिका इसे मान्यता देने को तैयार नहीं है। जल विभाग के प्रभारी दिव्येंदु अधिकारी ने तुरंत इस अवैध जल उपयोग पर कार्रवाई करते हुए पानी की लाइन काटने का निर्देश दिया।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में जल चोरी और पानी की बर्बादी पर सख्त नाराजगी जाहिर की थी। नगरपालिका का मानना है कि यह मामला भी जल चोरी के दायरे में आता है, और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बिष्णुपुर में झोपड़ी में लगी आग में झुलसकर चाय विक्रेता की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर थाना अंतर्गत रासपुंज के बस्ती इलाके में मंगलवार को लगी आग में एक चाय विक्रेता की झुलसकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम वरुण मंडल था। वह बस्ती की एक झोपडी में अपनी मां, पत्नी, बेटे और बेटी के साथ रहते थे। झोपड़ी से सटी उनकी चाय की दुकान थी। बताया गया है कि गत सोमवार की रात सभी लोग खाना खाकर सो गये। स्थानीय लोगों ने मंगलवार की सुबह अचानक धुआं निकलते देखा। देखते हैं कि झोपड़ी जलने लगी। पड़ोसियों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। परिवार के बाकी सदस्यों को बचा लिया गया लेकिन बरुण को बाहर नहीं निकाला जा सका। आग में झुलसकर वरुण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आग लगने के कारणों का पता लग रही है।

## सियाराम सेवा संघ और दी जॉय ऑफ शेयरिंग के माता रानी के जागरण का भव्य आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** सियाराम सेवा संघ और दी जॉय ऑफ शेयरिंग द्वारा आयोजित माता रानी के जागरण में हावड़ा का रामेश्वर मालिया लेन गु-लजार रहा। देर रात तक भक्त मधुर भजनों पर झूमते रहे। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी तथागत पांडे, समाजसेवी राजन सिंह (लूडू), समाजसेवी संदीप गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। तथागत पांडे का सम्मान संस्था की तरफ से रवि ठाकुर द्वारा माता रानी की तस्वीर देकर किया गया। संदीप गोयल का सम्मान तथागत पांडे ने किया। साथ में हावड़ा थाने के पीसीओसी सुभनअ समंतो भी रहे। भक्तों को माता रानी का प्रसाद के रूप में चना एवं हलवा वितरण किया गया। गायक इंद्रजीत ठाकुर, सोनम गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, अमन परवाना ने अपनी मधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ए. एस. डांस ग्रुप ने अपनी नृत्य नाटिका से सभी का मन मोह लिया। इस जागरण को सफल बनाने में संस्था के मनीष अग्रवाल, दिनेश शर्मा, रवि, राहुल, संतोश, आशीष, दिनेश, विशाल, पिंटू, अविष्कार, जतिन, सतीश, अजित, अभिषेक, आकाश, अंकुश, अजितेश, आकाश, मृतुन्जय, पुलटू, मिथिलेश, विकास, शेखर, रामबाबू, रूपक, रोहित, रोनू, कुलजोत, धरम, विजय, हैप्पी, पंकज, अश्विन, बीरु सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बच्चे के यौन शोषण मामले में दोषी को 20 साल की कैद

**❑ ट्यूशन पढ़ाने वाली शिक्षिका के पिता ने बच्चे से किया था कुकृत्य**



**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक में एक पांच साल के बच्चे के यौन शोषण के मामले में उत्तर 24 परगना की बारासात की पोक्सो अदालत ने मंगलवार को दोषी को 20 साल की कैद की सजा सुनाई। साथ ही, 62 साल के शख्स पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। ट्यूशन पढऩे जाने के दौरान शिक्षिका के पिता ने बच्चे का यौन शोषण किया था। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी, 2020 को पूर्व बिधाननगर पुलिस स्टेशन में बच्चे के माता-पिता ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर के मुताबिक, साल्टलेक का रहने वाला बच्चा हर शाम ट्यूशन पढऩे के लिए एक टीचर के घर जाता था। उसके पिता या मां उसे प्रतिदिन वहां छोडऩे या लाने जाते थे। परिजन की शिकायत थी कि बच्चा कई दिनों से ट्यूशन नहीं जाना चाहता था। ट्यूशन जाने की बात सुनकर वह डर जाता था और रोने लगता था। उन्होंने सोचा कि बच्चा शायद ट्यूशन नहीं जाने की मंशा से बदमाशी कर रहा है। उन्होंने उसे जबरदस्ती ट्यूशन पढऩे भेज दिया। इसके बाद, ट्यूशन से लौटने पर बच्चे ने माता-पिता को यौन शोषण के बारे में बताया। इसके बाद, उन्होंने पूर्व बिधाननगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।




**गोरखपुर नागरिक संघ के आउट्राम घाट पर लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस मौके पर मंत्री जावेद अहमद खान, पार्षद लिपिका मन्ना, पार्षद संतोष पाठक, समाजसेवी हरिशचंद्र जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद साव, केशव प्रसाद गुप्ता, महेंद्र जायसवाल, कृष्णा कुशवाहा, ओम प्रकाश जायसवाल, राजेश कुमार साव, स्वीटी साव, राजेश गुप्ता, चेयरमैन राम मुरत तिवारी, अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, सचिव सुधाकर तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**



**अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज के आउट्राम घाट पर लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का प्रमुख उधोगपति एवं समाजसेवी जय प्रकाश सिंह ने किया। इस मौके पर घनश्याम दास मोदानी, राजेश भंडारी, कर्नल सत्यजीत रे, मनोज सेंथालिया, पार्षद संतोष पाठक, पार्षद राजेश सिन्हा, अध्यक्ष प्रदीप ओझा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राय साहब सिंह, संयोजक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, अनिल सिंह, अमर बहादुर सिंह, श्रीनिवास सिंह, लक्ष्मी निवास सिंह, आंनद मोहन सिंह, प्रदीप सिंह, योगेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, जय प्रकाश सिंह, हनुमान सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी नृपेन्द्र सिंह और महासचिव सुरेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मंच संचालन राकेश सिंह ने किया।**

## डोमजुर में फंदे से लटकता हुआ मिला महिला का शव, आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजुर के खटीरबाजार इलाके में एक महिला का फांसी से लटका हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सूमा घोष(33) के रूप में हुई। मायके वालों का आरोप है कि शादी के कई साल बाद भी संतान न होने के कारण सूमा के ससुरालवाले उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इसी प्रताड़ना से तंग आकर सुमा ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात को सूमा का शव ससुराल के कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। मृतका के भाई संजय बोस ने डोमजुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि सूमा के पति जयंत घोष और उनके परिवार ने उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतका के पति जयंत घोष से पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले की जांच जारी है।

## हावड़ा में फेसबुक के जरिए बच्चा खरीदने वाले दंपती गिरफ्तार, बच्ची बरामद



**हावड़ा, समाज्ञा :** फेसबुक के माध्यम से अवैध तरीके से एक बच्ची खरीदने के आरोप में एक नि:संतान दंपती को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दंपती के नाम विजय संथालिया (38) और नेहा संथालिया (37) हैं। पुलिस ने छह महीने की एक बच्ची को भी बचाया है। इन दोनों ने बच्ची को मानव तस्कर माणिक हलदार से मोटे पैसे में खरीदा था। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात को सीआईडी की एक टीम ने दंपती को दमदम के जेशोर रोड स्थित उनके फ्लैट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, गत 10 नवंबर को शालिमार स्टेशन से माणिक और उसकी पत्नी को नवजात बच्ची के साथ सीआईडी ने पकड़ लिया था। पुलिस के अनुसार, माणिक का अकाउंट एक सोशल नेटवर्किंग साइट पर था, जहां इन दंपती से उसकी पहचान हुई थी। यह दंपती लंबे समय से बच्ची की तलाश में थे। गिरफ्तार दंपती को मंगलवार को हावड़ा कोर्ट में पेश किया गया।

## जायसवाल संघ ट्रस्ट का निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** जायसवाल संघ ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर रविवार को लायंस कांकुड़गाछी हॉस्पिटल एवं मिड ओ केयर, सुरक्षा डायग्नॉस्टिक सेंटर के सहयोग से जायसवाल समाज भवन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट के प्रबन्धक ट्रस्टी राजेश कुमार जायसवाल, उप प्रबंधक ट्रस्टी दिनेश कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जायसवाल, उप कोषाध्यक्ष उमेश कुमार जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य राजेन जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, बिन्देश्वरी प्रसाद जायसवाल, मनोज जायसवाल, गणेश जायसवाल, सन्तोष जायसवाल एवं आजीवन ट्रस्टी सदस्यगण, वर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संस्थाओं से आगत अतिथियों ने अपना बहुमूल्य समय एवं योगदान देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। अखिल भारतीय जायसवाल युवा मंच कोलकाता से अध्यक्ष राजीव जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल एवं धर्मेंद्र जायसवाल, श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह समिति से महासचिव विकास जायसवाल (डब्बू) एवं जायसवाल संरक्षक संघ से अध्यक्ष उमाशंकर जायसवाल एवं सचिव राजीव कुमार जायसवाल, शिव पार्वती जनकल्याण समिति से सचिव राजेश जायसवाल एवं अनेक समाजसेवियों की इस कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति रही। इस शिविर में 168 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं 192 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया जिसमें से 60 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया और इनका ऑपरेशन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उल्टाडांगा स्थित लायन्स काकुड़गाछी हॉस्पिटल में किया जाएगा। 25 लोगों को नेत्र परीक्षण के पश्चात बहुत ही कम कीमत पर चश्मा प्रदान के लिए चिह्नित किया गया।



**अवध समाज के आउट्राम घाट पर लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस मौके पर चेयरमैन तारकेश्वर दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष तारकनाथ दुबे, प्रमुख सचिव रामचेत वर्मा, सचिव श्याम नारायण तिवारी, सारदा प्रसाद तिवारी, कृपाशंकर पांडेय, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार पांडे, कार्यकारी सदस्यों में नीरज शुक्ला, संदीप सिंह, मेला अधिकारी अजित प्रताप त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष विजय मिश्रा, विजय लाल शुक्ला समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

# बीजीबी के विरोध के बावजूद मालदह में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम शांतिपूर्ण तरीके से जारी : बीएसएफ

**❑ बीजीबी ने मालदह से लगती सीमा पर बाड़ लगाने पर अचानक जताई आपत्ति**



**मालदह/कोलकाता :** बीएसएफ ने मंगलवार को कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के विरोध के बावजूद मालदह जिले में भारत- बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी व प्रवक्ता नीलोत्पल कुमार पांडे ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने मालदह से लगती सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने पर अचानक आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि बीएसएफ अधिकारियों ने इस संबंध में बीजीबी को आपत्ति का जवाब दे दिया है। उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में संवाददाताओं से बातचीत में डीआईजी पांडे ने कहा कि सब कुछ शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है।

दरअसल, सोमवार को उस समय तनाव पैदा हो गया जब बीजीबी ने मालदह जिले के सुकदेवपुर इलाके में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया। केंद्र सरकार का सड़क निर्माण विभाग, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहयोग से बाड़ लगाने की परियोजना पर काम कर रहा है, तभी बीजीबी ने अचानक विरोध किया। बीएसएफ डीआईजी ने कहा कि स्थिति सामान्य हो गई है, निर्माण कार्य योजना के अनुसार जारी है। हमारे समकक्ष (बीजीबी) ने कुछ आपत्ति जताई थी, हमने उनकी आपत्ति का जवाब दिया। चीजें ठीक हैं और काम सामान्य रूप से चल रहा है।

वहीं, बांग्लादेशी मीडिया में आई उन खबरों के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें दावा किया गया है कि बीजीबी ने नदिया जिले से लगती सीमा के उस पार झेनइदाह के मो-हेसपुर उपजिला में कोडाला नदी के किनारे स्थित पांच किलोमीटर के भारतीय सीमा क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि ये खबरें पूरी तरह से बेबुनियाद व निराधार है। पांडे ने कहा कि वहां यथास्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पहले जैसी ही यथास्थिति है और पूरी तरह से शांति है।



**शिव शक्ति के आउट्राम घाट पर लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का संयुक्त कमेटी के अध्यक्ष तारकनाथ त्रिवेदी के हाथों उद्घाटन हुआ। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष दारा सिंह, गौड़िया मठ के संत डॉ उमेश मिश्रा भागवत आचार्य, डॉ अशोक पोद्दार, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद सत्येंद्र सिंह, रणधीर सिंह, उद्योगपति जयप्रकाश सिंह, पार्षद महेश शर्मा, जन्मेजय पांडे, युवा नेता शैलेश मिश्रा, मौसमी घोष, रमेश ठाकुर, संजीत सिंह, समाजसेविका आशा माझी, पूजा साह, असिस्टेंट कमिश्नर मनोज झा, अशोक ओझा, संयुक्त कमेटी के महासचिव भारत मिश्रा, पार्षद का कामाख्या नारायण सिंह, रमेश ठाकुर समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

## न्यूज इन ब्रीफ

### अमेठी में रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर नमाज की जांच की जा रही है: पुलिस

**अमेठी :** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में गुरु गोरखनाथ रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर कथित तौर पर नमाज पढ़े जाने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इसका एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी है। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। पुलिस के अनुसार, कथित घटना सोमवार शाम को हुई। थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में है और इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### बाराबंकी में जमीनी विवाद में व्यक्ति ने बड़े भाई की फावड़े से प्रहार करके हत्या की, गिरफ्तार

**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी जिले के सफदरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को एक जमीनी विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम झलिहा निवासी परशुराम (52) अपने घर के बगल में फावड़े से नींव खोद रहा था, तभी बगल में ही रहने वाले उसके सगे बड़े भाई विशेसर (60) ने उसका विरोध किया। उन्होंने बताया कि विवाद बढ़ने पर परशुराम ने फावड़े से विशेसर पर प्रहार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी।

### झारखंड में आईईडी विस्फोट में सात साल की बच्ची की मौत

**चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला इलाके में कथित तौर पर माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस दौरान हुई जब सात साल की बच्ची तिरिलपोसी और थलकोबाद गांवों के जंगल में जलावन के लिये लकड़ी इकट्ठा करने गई थी। इस दौरान उसने ''भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा लगाए गए आईईडी पर गलती से पैर रख दिया।''

# योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में नये आपराधिक कानूनों को यथाशीघ्र लागू करें : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राज्य में 3 नए आपराधिक कानूनों के अमल को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, महानिदेशक, इझठ-ऊ और महानिदेशक, छउठइ सहित गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाए गए 3 नए आपराधिक कानून दंड-आधारित नहीं बल्कि पीड़ित आधारित हैं और इनका उद्देश्य त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है। शाह ने बैठक में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से फरवरी महीने में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने और जल्द से जल्द राज्य में पूरी तरह से लागू करने को कहा है।

**मार्च के आखिरी तक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल**

बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि यूपी जैसे बड़ी आबादी वाले राज्य में नए आपराधिक कानूनों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन से पूरे देश में एक अच्छा मैसेज जाएगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उत्तर प्रदेश के सातों कमिश्नरेट्स में 31 मार्च, 2025 तक नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

**हर जिले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन पर जोर**

तकनीक के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के हर जिले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉरेन्सिक विजिट के लिए टीमों को तीन श्रेणियों, गंभीर, सामान्य और अति सामान्य में विभाजित करना चाहिए, जिससे संसाधनों और विशेषज्ञों का बेहतर उपयोग किया जा सके और गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी जा सके।

**शाह ने लगातार मीटिंग और मॉनिटरिंग पर दिया जोर**

अमित शाह ने कहा कि इस बात की नियमित और निरंतर मॉनिटरिंग होनी चाहिए कि दर्ज की गई कुल नशी ऋखठमें से कितनी ऋखठराज्यों को स्थानांतरित की गईं। उन्होंने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन में और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करनी चाहिए।

## बिहार: प्रशांत किशोर को व्यापक चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को गहन चिकित्सा जांच के लिए मंगलवार को पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटना के एक निजी अस्पताल के एक चिकित्सक ने आज सुबह किशोर के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया उन्हें चिकित्सा संबंधी कुछ समस्याएं हैं जिनकी गहन जांच की जरूरत है। हम उन्हें गहन चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जा रहे हैं। आमरण अनशन कर रहे किशोर को संक्रमण, निर्जलीकरण, कमजोरी और बेचैनी की समस्या है। उनको एक एंबुलेंस में निजी अस्पताल ले जाया गया। किशोर को सोमवार को पुलिस ने अवैध आमरण अनशन के लिए गिरफ्तार किया था। यहां की एक अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के कुछ घंटों बाद उन्हें बिना शर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## नीतीश कुमार ने सिवान में 109 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सिवान जिले में 109 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कुमार ने अपनी 'प्रगति यात्रा' के तहत सिवान जिले में 127 परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''मुख्यमंत्री ने सिवान जिले के नारायणपुर गांव में प्रस्तावित सिवान बाइपास (13.80 किलोमीटर लंबे) के निर्माण के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जिले के करहानु बाजार क्षेत्र में जीविका दीदियों द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लिया।'' जीविका दीदियां जीविका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाएं हैं, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को सशक्त बनाना है। बयान के अनुसार, ''मुख्यमंत्री ने सिवान जिले में राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता भी की। बैठक के दौरान सिवान के जिलाधिकारी (डीएम) मुकुल कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले में जारी योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी।'' मुख्यमंत्री को बैठक के दौरान 'बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना', मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, हर घर में नल का जल और उनका रखरखाव, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी और मुख्यमंत्री कृषि बिजली कनेक्शन योजना समेत जिले में जारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## भाजपा 'दरारवादी' और 'हृदयहीन' पार्टी : अखिलेश

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे ''दरारवादी'' और ''हृदयहीन'' पार्टी करार दिया। अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, ''ये भाजपा के लोग जो सत्ता में हैं, ये भाईचारे के पक्ष में नहीं हैं। ये 'दर-रवादी' पार्टी है। भाजपा एक 'दरार वादी' पार्टी है। इनके लिए इंसान के जीवन का कोई मोल नहीं है, क्योंकि ये इसका इस्तेमाल राजनीति करने और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए करते हैं।'' यादव ने कहा, ''अगर आप भाजपा के काम को देखेंगे या उसके कार्यकाल में किए गए काम का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि यह



कितनी 'हृदयहीन' पार्टी है। इतनी घटनाएं होने के बावजूद किसी के प्रति संवेदना नहीं है। उत्तर प्रदेश में लगातार घटनाएं हो रही हैं और वह भी तब जब वे दावा करते हैं कि वे एक 'जीरो टॉलरेंस' (बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने) वाली सरकार चला रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि न्याय मिलना और जनता की सुनवाई कहीं नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा, ''इसमें से एक पहलू पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के प्रति अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। इसमें कभी एक पक्ष ऊपर जाता है तो कभी दूसरा। इस असंतुलन को छिपाने के लिए 'संभल' जैसी साजिश रची गई।'' सपा प्रमुख यादव ने यह भी कहा कि कुंदरकी और मीरापुर में हुए उप-चुनावों में हुई लूट को छिपाने के लिए भी संभल जैसी घटनाएं की गईं। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय संभल जाकर लोगों से बात करना चाहते थे, लेकिन सरकार ने निषेधाज्ञा लगा दी।

## शिक्षकों पर समाज और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी: राजनाथ सिंह



**आगरा :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि शिक्षकों पर समाज और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी है तथा समय के साथ उनकी भूमिका में बदलाव आया है। सिंह मंगलवार को यहां माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में आयोजित राज्य सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राजनाथ सिंह ने तीन दिवसीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित करके उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, ''शिक्षकों की भूमिका बताने की आवश्यकता नहीं। राजनीति में आने से पहले मैं भी शिक्षक था। भले अब शिक्षक नहीं हूं, पढ़ाने का क्रम टूटा है, लेकिन पढ़ाई जारी है।'' रक्षामंत्री ने कहा कि कंप्यूटर युग में युवाओं में सूचनाओं का अभाव नहीं है, उन्हें सूचनाएं एक क्लिक में मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में शिक्षकों की भूमिका पर सवाल उठ रहा है लेकिन सूचना देने और शिक्षित करने में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों में सांस्कृतिक चेतना भी जगानी होगी। शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जो मांग है उसको लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलें।

## न्यूज अपडेट

### महाकुम्भ में पहली बार भारतीय वायुसेना ने भी शिविर लगाया

**महाकुम्भ नगर :** भारतीय वायुसेना ने महाकुम्भ में वायु सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों को स्नान और ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महाकुम्भ मेले में पहली बार अपना शिविर लगाया है। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह पहली बार है कि भारतीय वायुसेना ने भी कुम्भ के मेले में शिविर लगाया है। उन्होंने कहा कि इससे वायुसेना के जवान, अधिकारी और भूतपूर्व सैनिक पुण्य के भागी बन सकेंगे। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि वायुसेना का शिविर महाकुम्भ के सेक्टर 3 में स्थापित किया गया है जोकि बड़े हनुमान जी मंदिर के नजदीक है। उन्होंने बताया कि शिविर में ग्रुप कैप्टन और इससे ऊपर के अधिकारियों के लिए बड़े टेंट लगाए गए हैं, वहीं विंग कमांडर और इनसे नीचे के अधिकारियों के लिए मध्यम आकार के टेंट लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वायु सैनिकों और उनके परिवार के लिए छोटे आकार के टेंट लगाए गए हैं, जबकि अधिक संख्या में सैनिकों के लिए 'डॉरमेट्री' की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह शिविर संगम से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित है।

### अयोध्या में राममंदिर परिसर में कैमरा लगे धूप के चश्मे के साथ व्यक्ति पकड़ा गया

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में एक युवक को कैमरा लगा धूप का चश्मा पहनकर तस्वीरें खींचने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक ने मंदिर में सुरक्षा कारणों से तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने पर लगाये गए प्रतिबंध का उल्लंघन किया है। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान गुजरात के वडोदरा के जानी जयकुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि युवक ने राम जन्मभूमि पथ पर कई चौकियों को पार किया और सोमवार को मंदिर परिसर में सिंहद्वार के पास पहुंच गया। उन्होंने बताया कि उसे कैमरा लगे चश्मे से तस्वीरें लेते हुए देखा गया, जब कैमरे की लाइट चमकी तो सुरक्षाकर्मियों का ध्यान उस पर गया। उन्होंने बताया, ''संदिग्ध उपकरण मिलने के बाद युवक को तुरंत हिरासत में ले लिया गया।''

### किशोरी ने महाकुम्भ में साध्वी बनने की घोषणा की



**प्रयागराज :** बचपन से आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखने वाली 13 वर्षीय राखी सिंह के मन में यहां महाकुम्भ मेले में अचानक वैराग्य जगा और माता पिता से साध्वी बनने की इच्छा व्यक्त की। किशोरी के माता पिता ने भी बेटी की इच्छा को प्रभु की इच्छा मानकर उसे जूना अखाड़ा को सौंप दिया। यहां जूना अखाड़ा में प्रवास कर रहीं रीमा सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि महाराज पिछले तीन साल से उनके गांव में भागवत कथा सुनाने आ रहे हैं और वहीं उनकी 13 वर्षीय बेटी राखी सिंह ने गुरु दीक्षा ली थी। उन्होंने बताया कि कौशल गिरि जी महाराज के कहने पर वह अपने पति संदीप सिंह और दो बेटियों के साथ पिछले महीने महाकुम्भ के इस शिविर में सेवा करने आयी थी। उन्होंने कहा, एक दिन बेटी ने कहा कि वह साध्वी बनना चाहती है। इसे प्रभु की इच्छा मानकर हमने कोई विरोध नहीं किया। रीमा सिंह ने बताया कि बेटी राखी और आठ वर्षीय निक्की को पढ़ाने के लिए ही उन्होंने आगरा शहर में किराये का मकान लिया और पति वहां पेठा का कारखाना चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी राखी का सपना आईएएस अधिकारी बनने का था, लेकिन महाकुम्भ मेले में अचानक उसके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया। जूना अखाड़ा के महंत कौशल गिरि ने बताया कि परिवार ने बिना किसी दबाव के बेटी का दान किया है। उन्होंने कहा, ''संदीप सिंह ढाकरे और उनकी पत्नी काफी समय से उनसे जुड़े हैं। परिवार की इच्छा से राखी को आश्रम में स्वीकार किया गया है और अब वह गौरी गिरि नाम से जानी जाएगी।'' यह पूछने पर कि क्या उन्हें बेटी की चिंता नहीं सताएगी, रीमा सिंह ने कहा, मां होने के कारण यह चिंता हमेशा रहेगी कि उनकी बेटी कहां और कैसी है।

# समाज्ञा व्यापार

## गुजरात का दीनदयाल बंदरगाह तीन साल में बड़े बंदरगाह में शुमार होगा : सोनोवाल



**कांडला (गुजरात) :** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के कच्छ जिले में दीनदयाल बंदरगाह अगले तीन साल में विशाल बंदरगाह बन जाएगा और इसकी मालवहन क्षमता 30 करोड़ टन तक पहुंच जाएगी। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सोनोवाल कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कांडला में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण (डीपीए) में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हम सभी को कांडला बंदरगाह को मेगा बंदरगाह बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। तीन साल के भीतर, कांडला बंदरगाह खुद को एक बड़े बंदरगाह के रूप में स्थापित कर लेगा। इसका मतलब है कि सालाना 30 करोड़ टन की माल ढुलाई क्षमता...इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी।' कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सोनोवाल ने कहा कि वर्तमान में माल ढुलाई क्षमता के मामले में दीनदयाल बंदरगाह भारत में नंबर एक बंदरगाह है। मंत्री ने कहा, 'चूंकि इस बंदरगाह में अपार संभावनाएं हैं, इसलिए हमने एक नया बंदरगाह बनाने का फैसला किया है। कांडला में खाड़ी से आगे एक नया बड़ा बंदरगाह बनेगा। इसके अलावा, डीपीए ने यहां एक जहाज निर्माण क्लस्टर स्थापित करने पर काम करना शुरू कर दिया है। ये दो प्रमुख परियोजनाएं हैं जिन पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं।'

### बीएमडब्ल्यू ने 2024 में भारत में रिकॉर्ड 15,721 कारें बेचीं

**नयी दिल्ली :** लक्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू ने भारतीय बाजार में पिछले साल 15,721 इकाइयों की बिक्री के साथ अपना अबतक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में उसकी सालाना बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 15,721 इकाई हो गई। बीएमडब्ल्यू ब्रांड के तहत वर्ष 2024 में कुल 15,012 कारों की बिक्री हुई जबकि मिनी ब्रांड की 709 गाड़ियां बिकीं। इसके अलावा समूह के मोटरसाइकिल ब्रांड बीएमडब्ल्यू मोटरैड ने भी पिछले साल 8,301 इकाइयों की बिक्री की। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह ने कहा, ''भारत में अपना सबसे अच्छा कार बिक्री आंकड़ा दर्ज करते हुए कंपनी ने 15,000 गाड़ियों का मुकाम भी पार कर लिया है।'' कंपनी ने 2024 में कुल 1,249 इलेक्ट्रिक कारों की भी बिक्री की।

### रबड़ उत्पादन बढ़ाने को पूर्वोत्तर और बंगाल में 100 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं टायर विनिर्माता

**गुवाहाटी :** टायर विनिर्माता कंपनियां उत्पादकों के कौशल विकास और प्राकृतिक रबड़ की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ाने के मकसद से बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में 100 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं। टायर निर्माताओं के संघ ने यह जानकारी दी है। वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) के चेयरमैन अर्नब बनर्जी ने कहा कि यह पहल प्रोजेक्ट इंडियन नैचुरल रबड़ ऑपरेशंस (आईएनआरओएडी) के हिस्से के रूप में की गई है। बनर्जी सिएट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) भी हैं।

## शेयर बाजार में गिरावट थमी, रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से सेंसेक्स 234 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 234 अंक के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने फिर 23,700 अंक के स्तर को हासिल कर लिया। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडटी जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार हालांकि, कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों शेयरों में नुकसान से बाजार का लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 234.12 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 487.75 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 91.85 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 अंक पर



बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख इस बात का संकेत है कि एचएमपी वायरस को लेकर कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। घरेलू बाजार सोमवार की बड़ी गिरावट से उबर गए, लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के पहले अग्रिम अनुमान से पहले कारोबार सीमित दायरे में रहा। इसका कारण वृद्धि दर में नरमी की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में वृद्धि अनुमान को घटाया है।'' उन्होंने कहा, ''निकट भविष्य में बाजार सतर्क रह सकता है। वह कंपनियों के वित्तीय नतीजों में सुधार के संकेत का इंतजार करेगा। इसके अलावा एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) की बिकवाली को लेकर भी चिंता है। इसका कारण डॉलर में मजबूती, बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और नीतिगत दर में आगे कटौती को लेकर उम्मीद कम होना है।'' सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में अदाणी पोर्ट्स सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, जोमैटो, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'राहत के बावजूद बाजार पर लगातार बिकवाली का दबाव रहा। यह बताता है कि बाजार पर मंदड़िये हावी हैं।'

## भारत में एआई, क्लाउड क्षमता के विस्तार में तीन अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**बेंगलुरु :** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को कहा कि कंपनी भारत में अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमताओं के विस्तार के लिए तीन अरब डॉलर (करीब 25,700 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। नडेला ने यहां प्रौद्योगिकी कंपनियों और स्टार्टअप इकाइयों के संस्थापकों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 2030 तक भारत में एक करोड़ लोगों को एआई कौशल का प्रशिक्षण भी देगी। हाल ही में कई प्रौद्योगिकी दिग्गजों ने भारत की यात्रा की है और अब इस सूची में नडेला का भी नाम जुड़ गया है। 1.4 अरब की आबादी वाला भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में काफी प्रगति कर रहा है। चिप विनिर्माता एनवीडिया के प्रमुख जेनसेन हुआंग, एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज (एएमडी) की लिया सू और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकून ने हाल ही में भारत की यात्रा की है। नडेला ने कहा कि भारत में तीन अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किसी भी देश में किया गया 'सबसे बड़ा विस्तार '' होगा। उन्होंने कहा, 'भारत में एआई की प्रसार दर बेहतरीन है।' हालांकि, उन्होंने इस निवेश के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर ब्रांड नाम के तहत अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करती है। इसके 60 से अधिक एज़्योर क्षेत्र हैं जिनमें 300 से अधिक डेटा सेंटर शामिल हैं। नडेला ने कहा, 'भारत में हम अपने सभी क्षेत्रों को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास मध्य भारत, दक्षिण भारत, पश्चिम भारत और दक्षिण-मध्य भारत है। हमारे पास वे क्षमताएं भी हैं, जिन्हें हमने जियो के साथ मिलकर विकसित किया है। हम क्षेत्रीय स्तर पर काफी विस्तार कर रहे हैं।' नडेला ने फरवरी, 2024 में आखिरी बार भारत की यात्रा की थी। उस समय उन्होंने घोषणा की थी कि कंपनी 2025 तक देश में 20 लाख लोगों को एआई कौशल का अवसर प्रदान करेगी, जो छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित होगा। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने सोमवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की।

## न्यूज अपडेट

### सोना 700 रुपये मजबूत, चांदी में 1,300 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली :** आभूषण तथा फुटकर विक्रेताओं की ताजा लिवाली तथा रुपये के मूल्य में गिरावट आने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये मजबूत होकर 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोने की कीमत 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये के उछाल के साथ 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव के मुकाबले 700 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

### सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ 'स्क्विड गेम' के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। 'स्क्विड गेम' के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी।

### रत्न, आभूषण उद्योग की बजट में जीएसटी घटाकर एक प्रतिशत करने की मांग

**मुंबई :** रत्न और आभूषण क्षेत्र ने सरकार से आगामी बजट में उद्योग पर लागत का बोझ कम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर एक प्रतिशत करने का आग्रह किया है। अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने मंगलवार को बयान में कहा, 'हम करों को युक्तिसंगत बनाने और कारोबार को समर्थन देने के लिए वित्त की उपलब्धता चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि सोने की लगातार बढ़ती कीमतों के साथ जीएसटी की मौजूदा दर उद्योग और अंतिम ग्राहकों के लिए बोझ बनती जा रही है। रोकड़े ने कहा कि इसलिए, जीजेसी आगामी बजट में जीएसटी को मौजूदा तीन प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने का आग्रह कर रही है, जिससे अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर में कमी से उपभोक्ताओं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सामर्थ्य बढ़ेगा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि औपचारिक अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि करके राजस्व संग्रह में सुधार किया जा सकेगा। उद्योग के शीर्ष निकाय ने कहा कि प्रयोगशाला में बनाए गए हीरों के लिए रियायती जीएसटी दर लागू करने की आवश्यकता है, ताकि प्राकृतिक हीरों की तुलना में उनके टिकाऊ और लागत प्रभावी गुणों को पूरी तरह से पहचाना जा सके। वर्तमान में, प्राकृतिक और प्रयोगशाला में उगाए गए दोनों ही हीरों पर एक ही जीएसटी दर लागू है। जीजेसी ने सरकार से एक समर्पित मंत्रालय बनाने और राज्यवार नोडल कार्यालयों और विशेष

## रोहित और कोहली का टेस्ट में भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर: गावस्कर



**सिडनी :** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है। गावस्कर ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा, 'वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है।' उन्होंने कहा, ''अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ।' डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद यह पहली बार है जबकि भारत इसके फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। वह रविवार को समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हार के बाद फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत को इस हार के कारण पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से हाथ धोना पड़ा। उसकी पराजय का मुख्य कारण बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन रहा। रोहित और कोहली भारतीय बल्लेबाजी की कमजोर कड़ी साबित हुए। कोहली ने नौ पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए, जबकि रोहित ने पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, ''यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही और यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए जो हमें जीतने चाहिए थे।' इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।' गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा, 'जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे?'

### इंग्लैंड से अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच का बहिष्कार करने का आग्रह

**लंदन:** ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। राजनेता चाहते हैं कि ईसीबी तालिबान शासन के महिलाओं के अधिकारों के दमन के खिलाफ आवाज उठाए और 26 फरवरी को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले पुरुषों के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का बहिष्कार करे। तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। ऐसे में ब्रिटेन के सांसदों ने एक पत्र लिखकर ईसीबी से अपनी नैतिक आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। यह पत्र लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी में लिखा है तथा इसमें निगेल फराज और जेरेमी कॉर्बिन सहित हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को संबोधित पत्र में कहा गया है, 'हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों से तालिबान के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले बुरे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह करते हैं।'

# बुमराह आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित



**दुबई :** स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हाल में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दिसंबर 2024 महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। बुमराह ने दिसंबर में तीन टेस्ट में 14.22 के औसत से 22 विकेट चटकाए। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट में कुल 32 विकेट लिए। बुमराह पीठ में जकड़न के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में मेजबान टीम की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। बुमराह ने ब्रिसबेन और मेलबर्न में नौ-नौ विकेट चटकाए थे जिससे भारत मेजबान टीम को कड़ी चुनौती देने में सफल रहा था। बुमराह को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पेटरसन से कड़ी चुनौती मिलेगी। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 3-1 से श्रृंखला जीती थी। तेज गेंदबाज कमिंस ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट में 17.64 की औसत से 17 विकेट हासिल किए। कमिंस ने महीने का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एडीडले में 57 रन पर पांच विकेट चटकाकर किया जिसकी मदद से मेजबान टीम 10 विकेट से आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। कमिंस ने मेलबर्न में 49 और 41 रन की उपयोगी पारियां भी खेलीं। पेटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो टेस्ट में 16.92 के औसत से 13 विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से होगी।

## मलेशिया ओपन: लक्ष्य हारे, छत से पानी टपकने के कारण प्रणय का मैच रुका



**कुआलालंपुर :** भारत के लक्ष्य सेन लगातार गलतियों के कारण पहले दौर में हार के साथ बाहर हो गए जबकि एचएस प्रणय को सत्र के पहले मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां आशियाटा एरिना में छत से पानी टपकने के कारण कनाडा के ब्रायन यैंग के खिलाफ उनका मैच बीच में ही रोकना पड़ा। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने और किंग कप इंटरनेशनल में तीसरे स्थान पर रहने वाले लक्ष्य अपने हालिया फॉर्म को दोहराने में नाकाम रहे और चीनी ताइपे के ची यू-जेन से 14-21, 7-21 से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने काफी सहज गलतियां की जिससे इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने वापसी करने के मौके भी गंवा दिए। दूसरी तरफ पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी कर रहे प्रणय जब करीब 25 मिनट के खेल के बाद मुकाबले में 21-12, 6-3 से आगे चल रहे थे तब छत से बारिश का पानी रिसने लगा और कोर्ट तीन पर खेल रोकना पड़ा। एक घंटे से अधिक विलंब के बाद शाम लगभग सवा चार बजे मुकाबला दोबारा शुरू हुआ लेकिन इसे दोबारा रोकना पड़ा क्योंकि पानी फिर टपकने लगा। ब्रायन जब दूसरे गेम में 11-9 से आगे थे तब अधिकारियों ने मुकाबले को स्थगित करने का फैसला किया जो अब बुधवार को 21-12, 9-11 के स्कोर से आगे शुरू होगा। प्रणय के साथ मौजूद भारतीय कोच आरएमवी गुरुसाईदत्त ने पीटीआई से कहा, 'प्रणय का मैच स्थगित कर दिया गया है। वह कल उसी स्कोर से मुकाबले को आगे शुरू करेगा। अन्य मुकाबलों को लेकर रात साढ़े आठ बजे तक फैसला किया जाएगा।
प्रणय ने कोर्ट के बाएं हिस्से में पानी गिरने के बाद चेयर अंपायर के समक्ष यह मुद्दा उठाया। आयोजकों ने उस क्षेत्र का निरीक्षण किया जिसके कारण मैच स्थगित कर दिया गया। कोर्ट दो पर भी इसी कारण से मैच रोक दिए गए जबकि कोर्ट एक पर मुकाबले जारी रहे। अजीबोगरीब दृश्यों में आयोजकों को कोर्ट को सुखाने के लिए सफेद तौलिये का इस्तेमाल करते देखा गया। इससे पहले भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की।

### हम जानते हैं कि आस्ट्रेलिया को कैसे हराना है: रबाडा

**केपटाउन :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को हराना कोई नई बात नहीं है, जिसके खिलाफ उनकी टीम इस साल जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलेगी। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारत पर छह विकेट से जीत के साथ श्रृंखला 3-1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अफ्रीका पहले ही फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुका था। रबाडा ने दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से जीत के बाद सुपरस्पोर्ट पर कहा, 'इसमें अभी काफी समय है, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसा बड़ा मौका आपको इसके लिए तैयार कर देता है।' गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका अंडरडॉग के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन रबाडा उलटफेर करने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच हमेशा से कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही है, क्योंकि हम क्रिकेट काफी हद तक एक जैसा खेलते हैं।

## न्यूज अपडेट

### भारतीय टीम शारीरिक रूप से दिव्यांगों की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए श्रीलंका रवाना

**नयी दिल्ली :** शारीरिक रूप से दिव्यांगों की चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए भारत की 17 सदस्यीय टीम मंगलवार को श्रीलंका रवाना हो गई। प्रथम श्रेणी के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रोहित झलानी की देखरेख में जयपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम का चयन किया गया। श्रीलंका में 12 जनवरी से होने वाले टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी मजबूत अंतरराष्ट्रीय टीमों से होगा। 'भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई)' के महासचिव रविकांत चौहान ने कहा, 'टीम को कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया है। हमें विश्वास है कि यह टीम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी और भारत का नाम रोशन करेगी।' उन्होंने इस मौके पर टीम का समर्थन करने के लिए स्वयंसेवी संस्था 'स्वयं' का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली भी मौजूद थे। मुंबई के विक्रांत रविंद्र केनी की कप्तानी वाली इस टीम में मध्य प्रदेश से विकेटकीपर योगेन्द्र सिंह और उत्तर प्रदेश से देवेन्द्र सिंह शामिल हैं।

### खो-खो विश्व कप: भारतीय पुरुष टीम नेपाल, महिला टीम दक्षिण कोरिया के खिलाफ करेगी आगाज

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष टीम 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो-खो विश्व कप के शुरुआती दिन अपने अभियान का आगाज ग्रुप ए में नेपाल के खिलाफ यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में करेगी जबकि महिला टीम इसके अगले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। तेरह से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश: 20 और 19 टीमें भाग ले रही है। पुरूष वर्ग में भारत और नेपाल के अलाव ग्रुप ए में पेरू, ब्राजील और भूटान की टीमें हैं। महिलाओं के वर्ग में ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया के साथ ईरान और मलेशिया की टीमें है। भारतीय पुरुष टीम इसके बाद 14 जनवरी को ब्राज़ील, 15 जनवरी को पेरु, 16 जनवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। महिला टीम 15 जनवरी को ईरान और 16 जनवरी को मलेशिया की चुनौती का सामना करेगी। टूर्नामेंट में दोनों वर्गों का क्वार्टर फाइनल 17 जनवरी, सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को खेला जायेगा। विश्व कप के लिए पुरुष टीमों का ग्रुप: ग्रुप ए: भारत, नेपाल, पेरू, ब्राज़ील और भूटान ग्रुप बी: दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान ग्रुप सी: बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड ग्रुप डी: इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और कीनिया विश्व कप के लिए महिला टीमों का ग्रुप: ग्रुप ए: भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया ग्रुप बी: इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कीनिया, युगांडा और नीदरलैंड ग्रुप सी: नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बांग्लादेश ग्रुप डी: दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पोलैंड, पेरू और इंडोनेशिया

### इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल

**नयी दिल्ली :** लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुवाई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल 14 जनवरी से यहां शुरू होने वाले योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए साढ़े नौ लाख डॉलर (लगभग 8.15 करोड़ रुपये) का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, 'सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का प्रतिस्पर्धा करना विश्व मंच पर भारतीय बैडमिंटन के विकास और उन्नति का प्रतीक है।'' उन्होंने कहा, 'ह सिर्फ शुरुआत हैं। इस साल हमारे स्थापित खिलाड़ियों के साथ नये नाम भी भारतीय बैडमिंटन की चमक को बढ़ायेंगे।' इस टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था।






वर्ष 9, पूर्णांक 4113 अंक 263, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in